हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड



RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्षः 14, अंकः 76 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, बुधवार 4 जनवरी, 2023 मूल्य 1.50

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले की खडगे ने की निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जम्मू- कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। श्री खडगे ने ट्वीट किया, जम्मू- कश्मीर के राजौरी में दो जगह हुए आतंकवादी हमलों से बेहद आहत हूं, जिसमें दो बच्चों सहित छह लोगों की जान चली गई और 15 घायल हो गए। हम राज्य में आतंकवाद और विशेष रूप से कश्मीरी पंडितों के खिलाफ इन जघन्य आतंकवादी हमलों की निंदा करते हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करते हुए आगे कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है। इस मुद्दे पर पूरा देश एक साथ है। हम अपने सुरक्षा बलों के साथ खड़े हैं, जो रोजाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से बहादुरी से लड़ रहे हैं। इन आतंकवादी हमलों में अपने प्रियजनों को खोने वाले पीड़ित परिवारों के प्रत हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### भारत जोड़ो यात्रा को चीन से फंडिंग: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के यूपी में प्रवेश करते ही बीजेपी हमलावर हो गई है। मंगलवार को लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, यात्रा को चीन से फंडिंग की जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा यूपी में नहीं। बल्कि यूपी को छूते हुए निकल रही है। जो लोग देश के टुकड़े करने वाले गैंग में शामिल थे। आज राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ खड़े हैं। भारत जोड़ो यात्रा सिर्फएक छद्म नाम है। ये देश को तोड़ने वाले लोग हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा, कांग्रेस हमेशा अलगाववादी ताकतों के साथ खड़ी रही है। जेएनयू में होने वाली घटनाओं में कांग्रेस का समर्थन रहा। उत्तर प्रदेश की आम जनता ने इन्हें नकार दिया है। इस यात्रा ने यूपी में घुटने टेक दिए। ये उत्तर प्रदेश की सीमा से होकर जा रहे हैं। अन्य प्रदेशों में इन्होंने प्रदेश के अंदर यात्रा की।

### ग्राम चौपालों को और अधिक सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कर सफल बनाया जाए: केशव प्रसाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों को और अधिक सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कर सफल बनाया जाए ।चौपालों के सार्थक परिणाम निखर कर आने चाहिए। ग्राम चौपालों के आयोजन हेतु रोस्टर जारी कराया जाए। ग्राम चौपाल के 5 दिन पूर्व से ही ग्राम सभा में सफाई अभियान चलाया जाए । निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों के पूर्व व आयोजनोंपरान्त व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ।ग्राम चौपालों का समय से फीडबैक लिया जाए। ग्राम चौपालों में ग्राम्य विकास विभाग के उच्च स्तर के अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी जाएंगे।

### धरोहर लाइनों पर चलेंगी, ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने नये साल में संकल्प लिया है कि देश में पर्वतीय पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली मीटरगेज एवं नैरोगेज वाली धरोहर रेललाइनों (हैरिटेज लाइनों) पर डीज़ल इंजन वाले रैक बंद करके ग्रीन हाइड्रोजन वाले आधुनिक रैक परिचालित किये जाएंगे।

# भारत का गौरव मेगा-एक्सपो मुख्य आकर्षण होगा : मोदी

## अमृत काल में हमें भारत को आधुनिक विज्ञान की विश्व का सबसे आधुनिक प्रयोगशाला बनाना है

**उद्घाटन**

- » अमरावती रोड परिसर में आयोजित विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया
- » भारत 25 वर्षों में जिस ऊंचाइयों पर होगा उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल में भारत को आधुनिक विज्ञान की विश्व की सबसे आधुनिक प्रयोगशाला बनाने के संकल्प के साथ मंगलवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के अमरावती रोड परिसर में आयोजित विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 25 वर्षों में जिस ऊंचाइयों पर होगा उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत का वैज्ञानिक समाज देश को उन ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा जिसका देश हकदार रहा है, यह मेरा विश्वास है। भारत में डाटा और प्रौद्योगिकी बहुतायत में है। इन दोनों क्षेत्रों में भारत को बुलंदियों पर पहुंचाने की हमारे वैज्ञानिक क्षमता रखते हैं। चाहे ट्रेडिशनल नॉलेज हो या आधुनिक प्रौद्योगिकी यह दोनों ही वैज्ञानिक खोज में मददगार होते हैं। हमें अपने वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए खोजी प्रवृत्ति को विकसित करना होगा।

मोदी ने कहा कि भारत जिस वैज्ञानिक दृष्टि से आज आगे बढ़ रहा है, उसके नतीजे हम देख रहे हैं।विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो रहा है। वर्ष 2020 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 40 में स्थान पर पहुंच गए। भारत पीएचडी के मामले में दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है।आज भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में है। हम साइंस के जरिए महिला सशक्तिकरण ही नहीं करना चाहते, बल्कि महिलाओं की भागीदारी के माध्यम से विज्ञान का भी सशक्तिकरण करने का लक्ष्य रखते हैं। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है ,यह इस बात का प्रमाण है कि समाज आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैज्ञानिक ऐसा संस्थागत ढांचा विकसित करें जो युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। टैलेंट हंट जैसी प्रतिभाओं के जरिए प्रतिभाओं की पहचान की जा सकती है और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है।

आज खेल में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है ,इसकी वजह है कि खेल के प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया। गुरु शिष्य की भारतीय परंपरा विज्ञान के क्षेत्र में भी मददगार हो सकती है जिसमें शिष्य की सफलता में गुरु अपनी सफलता देखता है। हम ऐसे विषयों पर काम करें जो पूरी मानवता के लिए जरूरी हैं। भारत का वैज्ञानिक समुदाय यदि ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने पर अनुसंधान करे तो इससे भारत का बड़ा भला होगा। मोदी ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों और हमारे उद्योग जगत को साथ मिलकर काम करना होगा। आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जब मानव के सामने नई-नई बीमारियों का संकट मंडरा रहा है। हमें नए वैक्सीन तैयार करने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट को महत्व देना होगा। उन्होंने कहा कि क्वांटम के क्षेत्र में हमारे नए वैज्ञानिक रुचि लें,आगे बढ़े और देश को ऊपर ले जाए। हमें ऐसे भविष्य के विचारों पर भी काम करना होगा जिन पर अभी कहीं काम नहीं हो रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार समाज के प्रति भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण योगदानों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने वाला भारत का गौरव मेगा-एक्सपो मुख्य आकर्षण होगा।

उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र के राज्यपाल और महाराष्ट्र शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री और आरटीएमएनयू शताब्दी समारोह की सलाहकार समिति के अध्यक्ष नितिन गडकरी, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शामिल रहे।

इस वर्ष कार्यक्रम की विषयवस्तु ÷साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलप्मेंट विद विमेन एमपावरमेंट (महिला सशक्तिकरण सहित सतत विकास के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी) है। सम्मेलन के जन संवाद और प्रदर्शनी आमजन के लिये खुली होंगी। 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस के तकनीकी सत्र को 14 वर्गों में बांटा गया है, जिनके तहत विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले शैक्षिक परिसर के विभिन्न स्थलों पर समानान्तर सत्र चलाये जायेंगे। इन 14 वर्गों के अलावा, महिला विज्ञान कांग्रेस, किसान विज्ञान कांग्रेस, बाल विज्ञान कांग्रेस, जनजातीय समागम, विज्ञान व समाज तथा विज्ञान संचारकों की कांग्रेस के एक-एक सत्र का भी आयोजन किया जायेगा।

# योगी ने लोक सेवा आयोग यूपी की नई वेबसाइट का किया शुभारंभ

## आयोग की भावी योजनाओं, चयन कैलेंडर आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

**लोकार्पण**

- » आवेदक को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर केवल एक बार अपलोड करने की आवश्यकता है
- » इससे निश्चित ही अभ्यर्थियों को सहूलियत मिलेगी



संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार की उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में आवेदन के लिए एकल अवसरीय पंजीकरण व्यवस्था तथा आयोग की नई वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोग की भावी योजनाओं, चयन कैलेंडर आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े पांच वर्ष में राज्य सरकार ने एक निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से चयन प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करते हुए साढ़े पांच लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण कार्य में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में आज से प्रारंभ हो रही एकल अवसरीय पंजीकरण (ओटीआर) व्यवस्था से अभ्यर्थियों को बड़ी सुविधा होगी। अब आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न चयन परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी को बार-बार अपना व्यक्तिगत विवरण नहीं देना होगा। आवेदक को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर केवल एक बार अपलोड करने की आवश्यकता है। व्यक्तिगत विवरण एवं फोटो एवं हस्ताक्षर, संसोधन एवं अद्यतन करने की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था ओ.टी.आर. में दर्ज समस्त सूचनाएं डिजिटल रूप में कभी भी कहीं से उपलब्ध होगी। साथ ही, सरकारी नौकरी की भिन्न-भिन्न अधिसूचनाओं के सापेक्ष आवेदन प्रक्रिया में ओटीआर में दर्ज सूचनाएं स्व प्रदर्शित होगी। ओटीआर (व्यक्तिगत विवरण, फोटो एवं हस्ताक्षर आदि) में दर्ज समस्त सूचनाएं जारी करने वाले संस्थानों से डिजिटली सत्यापित होगी। इससे निश्चित ही अभ्यर्थियों को सहूलियत मिलेगी। योगी ने कहा कि अभ्यर्थियों को बताया जाना चाहिए कि ओटीआर किसी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं है, बल्कि यह केवल आवेदकों की सूचना का संग्रह है, जिसके माध्यम से आवेदक को अपनी प्रोफाइल बनाये रखने की सुविधा के लिए अलग डैशबोर्ड प्रदान किया जा रहा है। नई व्यवस्था के संबंध में प्रतियोगी युवाओं को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से अधिक समय के अंतराल पर आयोग ने अब अपनी नूतन वेबसाइट भी तैयार की है। वेबसाइट पर भर्ती से संबंधित समस्त अद्यतन सूचनाओं का समावेश करने का प्रयास किया गया है, ताकि समस्त अभ्यर्थियों को एक ही पोर्टल पर आवेदन, परीक्षा, परीक्षा परिणाम, साक्षात्कार, चयन, कट ऑफ मार्क्स एवं आयोग से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं प्राप्त हो सकें। इसका शुभ परिणाम अभ्यर्थियों के लिये हितकर होगा। साथ ही साथ आयोग के कार्य निष्पादन से सम्बन्धित सारी अद्यतन सूचनाएं यथा अधियाचन, विज्ञापन, भर्ती,प्रोन्नति,अनुशासनिक प्रकरण भी इस नयी वेबसाइट में एक ही जगह उपलब्ध होंगी। इससे शासन और आयोग में बेहतर समन्वय और गुणधर्मिता के साथ समयबद्धता का अनुपालन कर कार्य प्रभावी तरीके से सम्पन्न हो सकेगा।

# सपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है भाजपा सरकार : अखिलेश



संवाददाता

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार जानबूझ कर उनकी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है।

पार्टी सांसद डिंपल यादव की जीत के लिये क्षेत्रीय जनता का आभार जताने पहुंचे यादव ने मंगलवार को कहा कि मैनपुरी में सपा की बंपर जीत से बौखलायी योगी सरकार सपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की जीत में समाज के सभी वर्गो का योगदान है। वह कभी भी भेदभाव अन्याय नहीं होने देंगे। उन तक जो भी बात पहुंचेगी हर हालत में न्याय होगा। अभी तो राजनीति की लंबी लड़ाई है। साथ ही क्षेत्र के लोग सामाजिक परिवर्तन चाहते थे और वह हुआ है।

उन्होने कहा कि ओबीसी का आरक्षण मिलना उनका अधिकार है और यह संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने दिया है। निकाय चुनाव में आरक्षण के साथ भेदभाव किया जा रहा है। सरकार चुनाव टालने की बात कह रही है। मैनपुरी में परिणाम आने के बाद सरकार निकाय चुनाव को टालने की कोशिश कर रही है। जहां भी भाजपा के चेयरमैन नगर पार्षद व महापौर थे, वहां की व्यवस्था काफी खराब है। पिछले वर्ष भाजपा शासित वार्डो में में सबसे ज्यादा डेंगू हुआ है क्योंकि भाजपा के लोगों ने सफाई के नाम पर सिर्फ एक ढोंग रचाया है। यादव ने कहा कि मैनपुरी के पास खुले में कूड़ा डाला जा रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। भाजपा सरकार में कूड़े से बिजली बनाने की व्यवस्था लखनऊ में की गई लेकिन वह आज तक पूरी नहीं हो सकी। भाजपा के लोगों ने एक बहाना बनाया कि जो कूड़ा आ रहा है वह बिजली बनाने में पर्याप्त नहीं है अब भाजपा के लोग कूड़े में भी ऊंच-नीच देख रहे हैं।

# राहुल ने किया उप्र की भूमि को प्रणाम, प्रियंका ने किया स्वागत

**स्वागत**

- » प्रेम एवं सद्भाव के संदेश को मजबूती प्रदान कर रहे
- » वाड्रा ने यात्री दल का उत्तर प्रदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश को वीरों और बलिदानों की धरती बताते हुए प्रदेश की भूमि को नमन किया जबकि पार्टी की प्रदेश प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पदयात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे प्रेम एवं सद्भाव के संदेश को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने 190वें दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश किया। इस दौरान दिल्ली की सीमा से लगे लोनी बॉर्डर पर सभा का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए वाड्रा ने यात्री दल का उत्तर प्रदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। गांधी ने यात्रा के उत्तर प्रदेश पहुंचने पर पर प्रदेश की धरती को नमन करते हुए कहा कि गंगा-जमुनी तहज़ीब की जन्मभूमि, जिसका इतिहास और बलिदान उसकी देशभक्ति का प्रमाण है और जो क्रांति की नई मिसाल कायम करने में सक्षम है - उत्तर प्रदेश की पावन धरती को मेरा प्रणाम।

वाड्रा ने कहा कि उत्तरप्रदेश की धरती पर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करते हुए मुझे बहुत ही गर्व हो रहा है। गर्व उन भारत यात्रियों पर, एक-एक देशवासी पर,जो इस यात्रा से जुड़ा।

# राजनाथ सिंह ने बचपन की यादें शेयर करते हुए कही ये बात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सीमा सड़क संगठन को 'ब्रो' (आजकल भाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला शब्द) समझते थे। बता दें कि राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सियांग जिले में बोलेंग के पास सियोम ब्रिज का उद्घाटन किया और 27 परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन के दौरान राजनाथ सिंह ने ये बातें कही।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, जब मैं बचपन में साइनबोर्ड पर सीमा सड़क संगठन का संक्षिप्त रूप देखता था तो मुझे लगता था कि ये 'ब्रो' है, जिसे हमारी युवा पीढ़ी 'भाई' के लिए इस्तेमाल करती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अब सीमा सड़क संगठन का काम को देखने के बाद मुझे विश्वास है कि वे वास्तव में हमारे सशस्त्र बलों और लोगों के भाई हैं।

# कंझावला केस: पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सदमा व रक्तस्राव बताया गया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि स्कूटी सवार एक लड़की को एक कार द्वारा कथित रूप से टक्कर मारने और घसीटे जाने के बाद हुई मौत के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार लड़की की मौत का कारण सिर, रीढ़, बाएं फीमर और दोनों निचले अंगों में चोट लगने के कारण हुआ सदमा और रक्तस्राव है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि पीड़िता का पोस्टमार्टम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नयी दिल्ली में तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, मौत का अनंतिम कारण सिर, रीढ़, बाएं फीमर, दोनों निचले अंगों में चोट लगने के कारण प्राप्त हुआ सदमा और रक्तस्राव है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उसके साथ किसी प्रकार का यौन दुर्व्हार का कोई संकेत नहीं मिला है। इस दुर्घटना में, दिल्ली पुलिस ने आज सुबह दावा किया था कि इस दुर्घटना के समय पीड़िता के साथ उसकी एक दोस्त भी थी।

## आम जनजीवन के साथ-साथ यातायात प्रभावित रहा

# उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में शीतलहर का प्रकोप

**शीतलहर**

- » राजधानी दिल्ली और एनसीआर में मंगलवार को लोगों को ठंड के साथ-साथ धुंध और कोहरे का भी सामना करना पड़ा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से समूचे उत्तर भारत और कई अन्य राज्यों में मंगलवार को शीतलहर का प्रकोप रहा। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश और बिहार में शीतलहर का प्रकोप है। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में मंगलवार को लोगों को ठंड के साथ-साथ धुंध और कोहरे का भी सामना करना पड़ा है। धुंध और घने कोहरे के कारण कई जगहों पर सुबह के समय दृश्यता का स्तर काफी कम रहा। इसके कारण आम जनजीवन के साथ-साथ यातायात प्रभावित रहा। कोहरे के कारण ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं या फिर उन्हें रद्द कर दिया गया है। राजधानी दिल्ली में मंगलवार शाम न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह का तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में घना कोहरा और चुभती बर्फीली हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया है। मौसम विभाग के अनुसार कम से कम अगले 48 घंटों तक मौसम के तल्ख मिजाज में नर्मी के कोई आसार नहीं हैं।

समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा लखनऊ, कानपुर और आसपास के इलाकों में मंगलवार को सूर्य के दर्शन नहीं हुये और कड़ाके की सर्दी के बीच बर्फीली हवाओं से सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू के हालात बने रहे। लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकले। ठंड के मद्देनजर लगभग सभी जिलों में आठवीं तक के स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जबकि 12वीं कक्षा तक के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुये कहा है कि कमजोर, बीमार, बुजुर्ग और बच्चों से खास एहतियात बरतने को कहा है। किसान शाम ढलने के बाद खेत जाने से परहेज करें। कम से कम पांच जनवरी तक मौसम के तेवर तल्ख ही बने रहने का अनुमान है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 5 लाख नए पेंशनर जुड़े

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। 'पात्र छूटे न और अपात्र पाए न' की नीति पर काम करते हुए विभाग ने 5 लाख नए वृद्धजनों को पेंशन योजना में शामिल किया। निर्धन कन्याओं के विवाह में किसी तरह की कोई समस्या न आए, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में करीब 39 हजार जोड़ों का विवाह प्रदेश भर में सकुशल सम्पन्न हुआ। सभी योजनाएँ पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त हों इसके लिए आधार प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू की गयी ।राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत अनिवार्य आधार प्रमाणीकरण के उपरांत 47.25 लाख पेंशनर्स को 4187.49 करोड़ की पेंशन धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की आहार राशि 75 रुपए से बढ़ा कर 114 रुपए प्रति दिन किया गया ।सर्वोदय विद्यालयों के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय सुविधायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। छात्रों में कंप्यूटेशनल एवं लॉजिकल थिंकिंग को बढ़ाने हेतु टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज के गो-आईटी, इग्नाइट माय फ्यूचर कार्यक्रम तथा गणित विषय की समझ विकसित करने हेतु खान एकेडमी के साथ एमओयू साइन किया गया। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा के माध्यम से समस्त जनपदों के ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थी भी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन (हाइब्रिड) मोड में मार्गदर्शन एवं ई-कंटेंट प्राप्त कर पा रहे है। पीसीएस-2021 में एसडीएम, डिप्टी एसपी सहित 43 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय को पहचान दिलाने हेतु समस्त जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ट्रांसजेंडर कल्याण समिति एवं ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल गठित किया गया है। ट्रांसजेंडर पहचान पत्र भी पोर्टल के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। इनके लिए गरिमा गृह बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 1146 अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित करते हुए चिन्हित 375 ग्रामों रु. 25 लाख की लागत से डॉ. अंबेडकर उत्सव धाम, सामुदायिक केंद्र निर्मित किए जायेंगे। पीएम-अजय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को समूह आधारित ऋण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से सीआईआई का प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा से आज भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री जी से प्रदेश के ऊर्जा सेक्टर में निवेश को बढ़ाने तथा प्रदेश में ऊर्जा के विकास एवं इसमें तकनीकी नवाचार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। ए0के0 शर्मा से सीआईआई के पदाधिकारियों ने आज जल निगम के फील्ड हास्टल 'संगम' में मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट तथा प्रदेश के अन्य प्रदेशों में इस संबंध में की जाने वाली बैठकें एवं रोड-शो की तैयारियों के संबंध में सीआईआई से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिए अन्य प्रदेशों में होने वाली बैठकों एवं रोड-शो में प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल एवं नेशनल कम्पनियों को बुलाने का भी प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए देश के सभी उद्योगपतियों को बुलायें और उनसे लगातार सम्पर्क भी करते रहें। उन्होंने सीआईआई से देश की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने वाले इकोनॉमिक सेक्टर में पेट्रोलियम, रेलवे, पावर, फर्टीलाइजर्स, नीति आयोग जैसी संस्थाओं से भी सम्पर्क करने तथा उन्हें भी आमंत्रित करने को कहा ।प्रतिनिधि मण्डल में समीर गुप्ता चेयरमैन सीआईआई स्टियरिंग कमेटी आन यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और मैनेजिंग डायरेक्टर जैक्सन लि0, विनम्र अग्रवाल चेयरमैन सीआईआई यूपी स्टेट काउन्सिल और सीईओ टेक्निकल एसोसिएट इण्डस्ट्रीज लि0, सुनील कुमार मिश्रा डायरेक्टर जनरल एसआईडीएम तथा सीआईआई यूपी के डायरेक्टर व हेड आलोक शुक्ला शामिल थे।

### भाजपा के लोस क्षेत्र प्रभारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों से किया संवाद

**रायबरेली।** सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय सर्वमान्य होगा, अगर माननीय सर्वोच्च न्यायालय निकाय चुनाव कराने के लिए आदेश देता तो उत्तर प्रदेश सरकार व भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव के लिए तैयार है, अन्यथा हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। उक्त बातें आज यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन व रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अपने एक द्विवसीय प्रवास के दौरान हरचन्दपुर विधानसभा क्षेत्र के हरचन्दपुर कस्बे में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव पाल के साथ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों से संवाद, पूर्व भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष एवं पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री पशुपति शंकर बाजपेई जी द्वारा हरचंदपर क्षेत्र के सिरसा घाट में वन्दना ब्रिक फिल्ड पर आयोजित कार्यक्रम में तथा सदर विधानसभा क्षेत्र के महराजगंज रोड पर पूर्व भा.ज.पा. मण्डल अध्यक्ष श्री सुशील मिश्रा के यहां आयोजित परिवार में कार्यक्रम में संवाद के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली, आत्म निर्भर,अखण्ड, गौरवशाली बन रहा है, वही प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी हर लाभकारी योजनाओं को हर जरूरत मंद व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि केंद्र की कांग्रेस व उत्तर प्रदेश में बसपा और सपा की सरकारों में संरक्षण प्राप्त भ्रष्टाचारियों ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व घोटालों से जो काला धन एकत्रित किया था उसे निकालने के लिए राष्ट्र हित में प्रधानमंत्री मोदी जी ने 8 नवम्बर 2016 को 1000 रुपए व 500 रुपए की नोटो को बन्द कर बैंक में जमा करने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पहली बार देश में नोट बन्दी की थी।

### बालिकाओं को विधिक अधिकार विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व श्री अब्दुल शाहिद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा निर्देशन व अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में पूर्वाहन 11 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज, रायबरेली में बालिकाओं के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए शिविर आयोजित किया गया। कोविड-19 से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग व दो गज की दूरी का अनुपालन करने हेतु जागरूक किया गया। पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा बताया गया कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। समाज में बेटियां आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ी है इसलिए बेटियों को पढ़ाने की अत्यधिक जरुरत है। बताया गया कि यदि किसी महिला या बेटी से कोई दुव्यर्वहार करने की कोशिश करता है तो वह 1090 हेल्प लाइन का प्रयोग करें जिस पर उनकी शिकायत पर तत्काल कार्यवाही की जाती है। इस अवसर पर उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में प्रवक्ता सविता वर्मा, रचना सिंह, सीमा, दीपमाला दीक्षित, पराविधिक स्वयं सेवक आशीष भटनागर, मनोज कुमार प्रजापति, व रत्ना बाजपेयी उपस्थित रही।

### 21 जनवरी को विशेष लोक अदालत का आयोजन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व श्री अब्दुल शाहिद, जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर रायबरेली में दिनांक 21 जनवरी 2023 को अपराह्न 02 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा बताया गया कि आर्बिट्रेशन के वादों से सम्बन्धित मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर रायबरेली में किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत में ऐसे सभी मामले जो आर्बिट्रेशन वादों से सम्बन्धित मामले है, और जनपद न्यायाधीश व अपर जनपद न्यायाधीशगण के न्यायालयों में लंबित है सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाएंगे।
0000

### नोट बंदी पर कोर्ट के निर्णय का भाजपाइयों ने किया स्वागत वही कांग्रेसियों ने जताई असहमति

**लालगंज-रायबरेली।** आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी मोदी सरकार के नोट बंदी के निर्णय को सही ठहरा दिया है उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गुप्ता ने कहते हुए बताया कि गत 6 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काले धन की समाप्ति के लिए नोटबंदी की थी जिस पर विपक्ष ने जोरदार विरोध जताया था और मामले को कोर्ट में भी घसीटा था। लेकिन मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने नोटबंदी को सही ठहरा कर विपक्ष के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा है ।भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने भी सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय को सराहा है और कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय सदैव जनहित में रहे हैं। इसके साथ ही भाजपा सरेनी विधानसभा मीडिया संयोजक सुशील शुक्ला ने भी कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है।

# प्रदेश के किशोरों में स्वास्थ्य और पोषण की जागरूकता: ब्रजेश पाठक

## मंडलीय जनपदों के शहरी क्षेत्रों के दो इंटर कालेजों में साथिया कार्नर बनाए जाने की योजना

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए नागरिकों का शरीर और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना अति आवश्यक है, जिसकी नींव किशोरावस्था में पड़ती है। देश की कुल आबादी का पांचवां हिस्सा किशोरावस्था में है। किशोर मन के अपने पथ से विचलित होने की संभावना अधिक होती है। अज्ञानता और आत्ममुग्धता के कारण सही मार्ग और प्रेरणा नहीं मिलने पर भटकने की संभावनाएं अधिक होती हैं। किशोरों की विशाल संख्या और उनमें स्वास्थ्य के प्रति समझ और स्वस्थ रहने की आदत के विकास के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा साथिया केंद्र (किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक) संचालित की जा रही है। यह कार्यक्रम सभी किशोरों को उनके स्वास्थ्य और सेहत के बारे में सूचित करके और जिम्मेदारी से निर्णय लेने के योग्य बनाकर उनकी क्षमताओं का उपयोग करने के काबिल बनाता है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि किशोर,किशोरियों को

**कार्यक्रम**

- » देश के उज्जवल भविष्य के लिए नागरिकों का शरीर और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना अति आवश्यक है
- » देश की कुल आबादी का पांचवां हिस्सा किशोरावस्था में है

परामर्श एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के 32 जनपदों में चिकित्सालय स्तर पर एवं 25 उच्च प्राथमिकता के जनपदों में जनपद चिकित्सालय स्तर के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 328 किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक स्थापित किए गए हैं, इन्हें अब ष्साथिया केंद्रश् कहा जाता है।

साथिया केंद्र अंतर्गत गंभीर कुपोषण का उपचार सामान्य आरटीआई,एसटीआई समस्याओं का उपचार मासिक धर्म संबंधी विकारों का उपचार, पुरुषों और महिलाओं की यौन चिंताओं के लिए



उपचार, मानसिक स्वास्थ्य सेवा ध्अवसाद का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों और अन्य सामान्य बीमारियों का उपचार, दुर्घटनाओं और हिंसा से संबंधित चोटों का प्रबंधन, लड़कियों के बीच यौन दुर्व्यवहार का प्रबंधन, मादक पदार्थ के दुरुपयोग का प्रबंधन व उच्च संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक,कार्डियो- संवहनी रोगों और मधुमेह का उपचार की सेवाएँ उपलब्ध हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि किशोर-किशोरियां अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए प्रायः सरकारी अस्पतालों में संचालित साथिया केन्द्रों अथवा अन्य सुविधाओं का प्रयोग करने में हिचक महसूस करते हैं और अपनी बातें या अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत नहीं कर पाते हैं। इस हिचक के दृष्टिगत प्रदेश में पहली बार जनपद के इण्टर कॉलेजों में साथिया कॉर्नर स्थापित किये जाने की योजना है। प्रथम चरण में 18 मण्डलीय जनपदों के शहरी क्षेत्रों में सरकारी अनुदान एवं मान्यता प्राप्त दो माध्यमिक विद्यालयों में एक-एक साथिया कार्नर स्थापित किये जाने हैं। इन साथिया कार्नर पर विद्यालय में कार्यरत् शिक्षक को ही राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में प्रशिक्षित कर विद्यालय एवं विद्यालय के आस-पास के विद्यालयों के छात्रों को काउसलिंग सेवायें दी जायेंगी। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के महत्त्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखने में मदद करता है। इसका उद्देश्य स्कूल के बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्त रखना। इसके तहत कुल ग्यारह विषयों की पहचान की गई है जिनमें प्रजनन स्वास्थ्य, स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में उचित जानकारी प्रदान करना, बच्चों के बीच स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना कुपोषित और एनिमिया से पीड़ित बच्चों की पहचान करना तथा बच्चों व किशोरों में रोगों का जल्द पता लगाना, उनका इलाज करना, स्कूलों में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य और कल्याण के माध्यम से योग तथा ध्यान को बढ़ावा देना और एच0आई0वी0 की रोकथाम शामिल हैं।

# सावित्रीबाई फुले का जीवन महिला सशक्तिकरण को समर्पित था: केशव प्रसाद मौर्य

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैंप कार्यालय सात-कालिदास मार्ग पर सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होंने सावित्रीबाई के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कहा कि वह महान समाज सुधारक थी। श्री मौर्य ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारतीय इतिहास में महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए लगातार संघर्ष करती रहीं। भारत की पहली महिला शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्ता थी। भारतीय समाज में

**कार्यक्रम**

- » सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये
- » सावित्रीबाई फुले भारतीय इतिहास में महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए लगातार संघर्ष करती रहीं

महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए उनके भीतर ज्ञान जगाने का उन्होंने सफल प्रयास किया। उनका पूरा जीवन महिला



सशक्तिकरण को समर्पित रहा। उन्होंने निराश्रित महिलाओं, विधवाओं और परित्यक्त महिलाओं को आश्रय दिया। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उन्होंने जमकर आवाज उठाई।उनके संघर्ष और महान कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा।

# यूपी में कोरोना के 2 नए केस मिले, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 46 हुई

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा हैं। मंगलवार सुबह आई रिपोर्ट में 2 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इस दौरान 7 मरीज रिकवर भी हुआ। फिलहाल प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 46 हैं। प्रयागराज में एक कोरोना संक्रमित मिला हैं। इसके अलावा बागपत में भी एक रोगी में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई हैं। इससे पहले सोमवार को राज्य में कुल 3 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले थे। सोमवार को प्रदेश भर में 55 हजार 461 जांच की गई हैं। पॉजिटिव आए दोनों मरीजों के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा गया हैं। बागपत में महज 13 सैंपल में एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वही प्रयागराज में 361 सैंपल में से एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। यूपी में फिलहाल कोरोना संक्रमण के 46 एक्टिव केस हैं। फिलहाल सबसे ज्यादा मामलें गौतमबुद्धनगर और मेरठ में हैं। यहां दोनों ही जगह 7-7 एक्टिव केस हैं। वही कुशीनगर में 5 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा अम्बेडकर नगर में 4 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा अमरोहा और महाराजगंज में 3-3 सक्रिय मरीज हैं। इस बीच सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी में लक्षण वाले मरीजों की आरटी-पीसीआर तो बिना लक्षण वालों की एंटीजन जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कोई भी पॉजिटिव मिलता है।

## 31 मार्च तक बढ़ाया गया रालोद का सदस्यता अभियान

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान 31 मार्च तक बढा दिया गया है। सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश के किसानों, मजदूरों के साथ साथ युवा वर्ग एवं जनसामान्य की भावना का सम्मान करते हुये सदस्यता अभियान का समय बढाया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 20 लाख सदस्य बन चुके हैं और प्रतिदिन हजारों की तादात में प्रदेश के सुदूर अंचलों तक लोग राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।श्री त्रिवेदी ने बताया कि मकर संक्रान्ति से गांवों की बाजारों में कैम्प लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा तथा शहरों में विभिन्न चौराहों पर एवं पार्कों में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी कैम्प लगाकर लोगों को सदस्य बनायेंगे तथा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों एवं जनहित कल्याणकारी क्रियाकलापों का प्रचार करते हुये किसानों एवं मजदूरों के प्रेरणास्त्रोंत चौधरी अजित सिंह की किसानों के प्रति की गयी सेवाओं को आम जनता से परिचित कराते हुये राष्ट्रीय लोकदल का जन जन जोडों कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह अपने दादा और अपने पिताजी के द्वारा जलाई हुयी मशाल को लेकर आम जनता के बीच में उनके दुख दर्द को साझा कर रहे हैं।

# बुलंदशहर में पुलिस मुठभेड़, दो इनामी लुटेरे ढेर

**संवाददाता**

**लखनऊ।** बुलन्दशहर में दिनदहाड़े जूलरी शॉप लूटने वाले दो इनामी लुटेरों को यूपी पुलिस ने किया ढेर। लुटेरों से मुठभेड़ में 2 सिपाही व एक दरोगा गोली लगने से घायल हो गए। दो निरीक्षक बाल बाल बच गए। बदमाश की गोली निरीक्षकों की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी थी। बुलंदशहर कोतवाली क्षेत्र में इनामी लुटेरा आशीष और पहासू थाना क्षेत्र में इनामी लुटेरा अब्दुल मुठभेड़ में ढेर हुए। लुटेरों के पास से आभूषण, पिस्टल तमंचे, कारतूस, बाइक आदि बरामद। पुलिस बदमाशों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की तैयारी में

**मुठभेड़**

- » मुठभेड़ में 2 सिपाही व 1 दरोगा बाल बाल बचे

जुटी है। बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि देर रात को बाइक पर सवार होकर दो बदमाश कोतवाली सिटी क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने जा रहे थे।पुलिस ने चेकिंग के दौरान रुकने का इशारा किया तो बदमाश नहीं रुके और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद दोनो तरफ से फायरिंग की गयी। फायरिंग के दौरान इनामी लुटेरा आशीष गोली लगने से घायल हो गया। जिसे अस्पताल भेजा गया और अस्पताल में चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। बुलंदशहर पुलिस अपराधियों पर कहर बनकर टूट रही है, लगातार एक के बाद एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश पुलिस की गोली का निशाना बन रहे है। जनपद में दो माह पूर्व धमेडा अड्डे पर लुटेरों ने जूलरी शॉप के मालिक को गोली मार जूलरी शॉप लूट ली थी। जिसके बाद से लुटेरों पर पुलिस ने इनाम रखा था। आशीष पर 50000 का इनाम घोषित था। बुलंदशहर कोतवाली देहात में मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही और एक सब इंस्पेक्टर भी गोली लगने से घायल हुए हैं। कोतवाली नगर बुलंदशहर में तैनात दो सब इंस्पेक्टर बाल-बाल बच गए एसएसपी ने बताया कि इनामी बदमाश ने पुलिस स्पेक्टर पर गोली चलाई जो उनकी बुलेट प्रूफजैकेट में लगी थी।आशीष के साथ फरार हुआ 50000 का इनामी बदमाश अब्दुल पुत्र शरीफ पहासू थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से ढेर हो गया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि इनामी बदमाश के पहासू थाना क्षेत्र की तरफ फरार होने की जानकारी मिलने के बाद पहासू थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र पाल सिंह पुलिस टीम के साथ सतर्क हो गए और इलाके की नाकेबंदी कर ली थी।

# कोहरे के चलते इकाना में नहीं हो पाया रणजी मैच

## यूपी और हरियाणा के खिलाड़ी करते रहे धुंध छंटने का इंतजार, फिर मायूस होकर लौटे

**संवाददाता**

**लखनऊ।** खराब मौसम का असर ट्रेन और फ्लाइट के साथ-साथ खेल पर भी पड़ने लगा है। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में यूपी और हरियाणा के बीच होने वाले रणजी मैच में पहले दिन खेल शुरू नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि लाइट अच्छी नहीं होनी और खराब मौसम की वजह से टास तक नहीं हो पाया। यूपी की टीम इस सत्र में इकाना में अपना पहला रणजी मैच खेलने उतने वाली थी। होम ग्राउंड होने की वजह से उनको फायदा भी होता। 3 से 7 जनवरी तक यह मैच होना है। लेकिन मौसम की मार के कारण दोनों ही टीम के खिलाड़ियों के हाथ निराशा लगी है। ग्राउंड पर लगातार कोहरा बना हुआ था उसके अलावा धूंध होने की वजह से पर्याप्त लाइट भी नहीं थी।

यूपी की टीम इस बार रणजी मैच में अभी तक अच्छा खेल नहीं दिखा पाई है। ऐसे में यह मैच उनके लिए जीतना जरूरी थी। अगर यह मैच टीम नहीं जीत पाती है तो ग्रुप चरण से ही बाहर हो जाएगी। टीम ने इसके लिए इस बार इंडिया टीम के पूर्व विकेट कीपर अजय रात्रा को कोच बनाया था लेकिन उससे खिलाड़ियों की खेल में कोई बदलाव नहीं हुआ और पहला ही मैच बंगाल से टीम हार गई थी। दोनों ही टीम के खिलाड़ी सुबह से ही मौसम सही होने का इंतजार करते रहे लेकिन उनको निराशा हाथ लगी। मौसम विभाग ने पहली ही अगले पांच दिन तक ऐसी ही स्थिति रहने की बात कही है। जबकि यह मैच 3 से 7 जनवरी के बीच होना है।

### शीतलहर से ठंड में इजाफा, घना कोहरा छाया, वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**बहराइच।** जिले में शीतलहर ने गलन और बढ़ा दी है। मंगलवार को भी घना कोहरा छाया रहा। शीतलहर से ठंड में और इजाफा हुआ। घना कोहरा होने के कारण दृश्यता काफी कम रही। सड़क पर वाहन लाइट जलाकर चलते दिखे। वहीं, न्यूनतम पारा छह डिग्री पर स्थिर रहा। जनपद में मंगलवार सुबह घने कोहरे के बीच शीतलहर की स्थिति रही। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुवा हवा चली। बहुत ही जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। ठंड से बचाव को लोग जगह-जगह आग सेंकते नजर आए।

### 5 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

#### हाईवे के प्रमुख स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**बस्ती।** जिले में सुरक्षित, सुगम यातायात, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जाएगा। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों में ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिए अभियान संचालित किया जाये। अभियान के दौरान हेलमेट लगाकर न चलने वाले, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले, ओवर लोडेड गन्ना ट्रैक्टर के विरूद्ध अभियान चलाकर चालान करें। सभी ट्रैक्टर के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाएं। स्कूली वाहनों के फिटनेस का अभियान चलाएं, सभी मार्गो पर आवश्यक संकेतक लगवाएं, राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाय। चिन्हित सभी 26 ब्लैक स्पाट पर सुधारात्मक कार्यवाही कराई जाये। मण्डल के तीनों जिलों में प्रवेश स्थान के 1000 व 500 मीटर के पहले तथा मुख्य प्रवेश स्थान पर जिले के नाम का बोर्ड लगाया जाये।

# उद्यान मंत्री की पहल पर रायबरेली के विभिन्न मंदिरों के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु स्वीकृत हुई परियोजनाएं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की पहल पर पर्यटन विभाग के अन्तर्गत राज्य सेक्टर के अधीन जनपद रायबरेली में झारखण्डेश्वर मंदिर समौधा, सोहलेश्वर मंदिर, औघड़नाथ मंदिर गदियानी, महावीरन मंदिर बल्ला के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। इसका विस्तार से विवरण देते हुए उद्यान मंत्री ने बताया कि जनपद रायबरेली धार्मिक एवं

**सुविधा**

- » जनपद रायबरेली धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है
- » विभिन्न अवसरों एवं उत्सव आदि के समय श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है
- » विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 103.20 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी

ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस जनपद में कई मंदिर एवं ऐतिहासिक स्थल



मौजूद हैं। जहां पर विभिन्न अवसरों एवं उत्सव आदि के समय श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। इनको दृष्टिगत रखते हुए रायबरेली जनपद के झारखण्डेश्वर मंदिर महराजगंज शेखपुर समौधा के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 127.22 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार सोहलेश्वर मंदिर ग्रामसभा पल्टीखेड़ा, विकास खण्ड सरैनी के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 104.22 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। श्री सिंह ने बताया कि इसी प्रकार औघड़नाथ मंदिर गदियानी के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 103.20 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार महावीरन मंदिर बल्ला के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 112.16 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से सम्बंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा कराते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराने की अपेक्षा पर्यटन विभाग से की गयी है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से इन प्राचीन धरोहरों को संरक्षित किया जा सकेगा। इसके साथ ही इन धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं जैसे पेयजल, लाइट, सड़क, शौचालय आदि सुविधाएं सुलभ होगी, जिससे आस-पास की जनता को लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही अन्य जनपदों के श्रद्धालुओं भी इन प्राचीन मंदिरों का दर्शन-पूजन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं के आने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की मासिक बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य की अध्यक्षता व प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक की उपस्थिति में प्रदेश मुख्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यों वा कार्य योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला वा मंडल स्तर तक महिला मोर्चा के कार्यक्रमों की सुनिश्चिता को देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों क्षेत्रीय अध्यक्ष क्षेत्रीय महामंत्री के साथ कई पार्टी संबंधित मूल विषयों पर चर्चा की गई।

### आईवीएफ युवा पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज बोरा किया सम्मान

**लखनऊ।** महानगर सीतापुर रोड स्थित सेवा परिसर में प्रदेश कार्यालय पर इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन आईवीएफप्रदेश अध्यक्ष व विधायक डॉ नीरज बोरा का युवा पदाधिकारियों ने श्री जगन्नाथ प्रभु विग्रह पुष्प गुच्छ देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर आईवीएफलखनऊ युवा इकाई अध्यक्ष अनुराग साहू, महामंत्री प्रियंक गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता, रामू गुप्ता, अभिनव गुप्ता, शिशिर अग्रवाल, राजू साहू, कोषाध्यक्ष अभिषेक मित्तल, मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा उपस्थित रहे। इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ महानगर अध्यक्ष हेमंतदयाल अग्रवाल ने बताया कि मकरक्रांति के पूर्व 14 जनवरी को डालीगंजपुल स्थित लल्लूमल धर्मशाला पर वरिष्ठजन वैश्य सम्मान आयोजित किया जाएगा जिसमें इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ महानगर पदाधिकारी, महिला सदस्य, युवा पदाधिकारी संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित करेगे जिसमे लखनऊ महानगर सभी पदाधिकारी सम्मानित होगे।

### गोपालदास नीरज जयंती समारोह पर गीत यामिनी का आयोजन आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा 4 जनवरी को पद्मभूषण गोपालदास नीरज के जयंती समारोह के अवसर पर गीत यामिनी (कवि सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष,प्रमुख सचिव भाषा विभाग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आज यहां विनय श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लखनऊ से संयोजक संचालक डॉ. सर्वेश अस्थाना, प्रयागराज से यश मालवीय, आगरा से शशांक प्रभाकर, मैनपुरी से बलराम श्रीवास्तव, इटावा से राजीव राज, बदायूं से डॉ. सोनरूपा विशाल, गाजियाबाद से नंदनी श्रीवास्तव, लखनऊ से योगी योगेश शुक्ल और मुकेश त्रिपाठी प्रतिभाग करेंगे।

### पर्यटकों की पहली पसंद के रूप में उप्र तैयार: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक 248741834 पर्यटक विभिन्न धार्मिक, पौराणिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर भ्रमण किये। इसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या-248331065 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या-410769 रही। उ0प्र0 में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार अवस्थापना सुविधाओं एवं कनेक्टिविटी पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नई पर्यटन नीति-2022 जारी की गयी है, जिसके तहत पर्यटन सेक्टर से जुड़े विभिन्न हित ग्राहकों के लिए सुविधाओं का प्राविधान किया गया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि अपना उ0प्र0 धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। प्रदेश में अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, नैमिषारण्य, विन्ध्याचल, चित्रकूट, मथुरा, वृन्दावन, श्रावस्ती, कुशीनगर, सारनाथ तथा संकिसा जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर जनपद में पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न परियोजनायें संचालित की जा रही हैं। इनमें से अधिकांश परियोजनायें पूरी हो गयी हैं और शेष परियोजनायें शीघ्र ही पूरी करा ली जायेगी। उन्होंने बताया कि काशी एवं अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से पर्यटन मैप पर सबसे पसंदीदा स्थानों के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर जनपद को आवागमन की दृष्टि से सड़कों से जोड़ा गया है। पर्यटकों के ठहरने से लेकर खानपान की बेहतरीन सुविधायें उपलब्ध हैं।

### एएमयू कोर्ट में ऑल इंडिया मुस्लिम एजुकेशनल कांफ्रेंस के पांच प्रतिनिधि सदस्य

**अलीगढ़।** ऑल इंडिया मुस्लिम एजुकेशनल कांफ्रेंस के पांच निर्वाचित प्रतिनिधियों को अमुवि कोर्ट का सदस्य घोषित किया गया है, जिनमें असद यार खान, खुर्शीद अहमद खान, डॉ. मेराजुद्दीन अहमद, मुनव्वर हाजिक और प्रोफेसर जिल्लुर रहमान को शामिल हैं। एएमयू के रजिस्ट्रार श्री मुहम्मद इमरान आईपीएस द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ये प्रतिनिधि विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार तीन साल की अवधि के लिए एएमयू कोर्ट के सदस्य रहेंगे।

### शैक्षणिक सत्र 2022-23 में एएमयू में शीतकालीन अवकाश नहीं होगा

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने चालू शैक्षणिक सत्र 2022-23 को सुनियोजित करने के लिए इस शैक्षणिक सत्र में शीतकालीन अवकाश नहीं करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की एक अधिसूचना में कहा गया है कि छात्रों के शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के शिक्षकों को शीतकालीन अवकाश के बदले 10 दिन का डिटेंशन लीव दिया जाएगा।

### एएमयू के रिसर्च स्कॉलर्स ने शोधपत्र प्रस्तुत किए

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के दर्शनशास्त्र विभाग के छह शोधार्थियों ने महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र में आयोजित भारतीय दर्शन कांग्रेस (आईपीसी) के 95वें सत्र और चौथे एशियाई दर्शनशास्त्र सम्मेलन (एपीसी) में भाग लिया और विभिन्न सत्रों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

शाइस्ता अख्तर और अनम इमरान ने 'समय पर इकबाल का दृष्टिकोण: एक दार्शनिक विश्लेषण' पर अपना पेपर प्रस्तुत किया, जबकि आजाद अली ने 'जॉन रॉल्स थ्योरी ऑफजस्टिस: एन ओवरव्यू' पर अपना पेपर पढ़ा। मुहम्मद आजाद ने 'जस पोस्ट बेलम: ए क्रिटिकल रिव्यू' और रुबिना सुल्ताना ने 'शंकरा ऑन आत्मा: ए फिलोसोफिकल एनालिसिस' पर अपना पेपर प्रस्तुत किया। इसी तरह उजैब्र खान ने 'जॉन रॉल्स थ्योरी ऑफजस्टिस: ए क्रिटिक' शीर्षक से अपना पेपर प्रस्तुत किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों और अन्य एशियाई देशों के 450 से अधिक प्रतिनिधियों, विद्वानों और छात्रों ने भाग लिया और अपने पेपर प्रस्तुत किए। दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अकील अहमद और पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर लतीफहुसैन काजमी ने शोधार्थियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह विभाग के अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा।

### एएमयू शिक्षक ने वार्षिक महिला आर्थिक मंच को संबोधित किया

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रोफेसर आयशा फारूक ने नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक महिला आर्थिक मंच 2022 के वैश्विक संस्करण में वक्ता के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर जी-100 भारत की बैठकें भी आयोजित की गईं। इस वैश्विक बैठक का विषय फ्रअंतर को पाटें: जी-20 के लिए एजेंडाफ्र था। स्थानीय हस्तकला 'अलीगढ़ की सजावटी सिलाई कढ़ाई' पर चर्चा करते हुए प्रो आयशा फारूक ने कहा कि अलीगढ़ के कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा पारंपरिक सजावटी सिलाई और कढ़ाई में प्राकृतिक रेशों का उपयोग होता है। यह ऊर्जा बचाता है तथा पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। यह उत्पाद पुन: प्रयोज्य और पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ सिलाई और कढ़ाई शिल्प में महिला उद्यमियों को शामिल करने और आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता में प्रमुख भूमिका निभाने की जबरदस्त क्षमता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें स्थानीय कारीगरों के लिए लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा करने की काफी संभावनाएं हैं और यह अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# यूपी में 'ड्राई पोर्ट्स' के विकास को बढ़ावा देगी योगी सरकार

## सुविधाजनक परिवहन के लिए प्रदेश में ड्राई पोर्ट्स के विकास की काफी संभावनाएं हैं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नई वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक नीति 2022 जारी की है जिसमें वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक के साथ-साथ ड्राई पोर्ट्स के लिए भी निवेशकों को प्रोत्साहित किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश विभिन्न निर्यात क्लस्टरों से युक्त होने के साथ ही भूमि से घिरा हुआ राज्य है। ऐसे में समुद्री बंदरगाहों को निर्यात कार्गो के सुविधाजनक परिवहन के लिए प्रदेश में ड्राई पोर्ट्स के विकास की काफी संभावनाएं हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेश गई टीम योगी को कई देशों से इस क्षेत्र में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। साथ ही तमाम घरेलू निवेशक भी ड्राई पोर्ट्स में निवेश को लेकर उत्साहित हैं।

**निर्यात**

» विदेश गई टीम योगी को कई देशों से इस क्षेत्र में निवेश के प्रस्ताव मिल

» तमाम घरेलू निवेशक भी ड्राई पोर्ट्स में निवेश को लेकर उत्साहित है

उन्होने बताया कि पात्र ड्राई पोर्ट परियोजना का अभिप्राय अंतरदेशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) एवं कंटेनर फ्रेट स्टेशन (सीएफएस) से है, जिसको न्यूनतम 10 एकड़ भूमि में न्यूनतम 50 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश से विकसित किया गया हो तथा जिसमें इस प्रकार के स्थाई रूप से स्थापित (फिक्स्ड) अथवा अन्य इंस्टॉलेशंस, उपकरण, मशीनरी इत्यादि उपलब्ध हों, जो कस्टम्स कंट्रोल के तहत लदे हुए आयात या निर्यात कंटेनर्स की हैंडलिंग या निकासी तथा कस्टम बॉन्डेड अथवा नॉन-बॉन्डेड कार्गो के भंडारण की सुविधा से युक्त सेवाएं प्रदान करती हैं।



प्रदेश सरकार का लक्ष्य मौजूदा ड्राई पोर्ट्स, अंतरदेशीय कंटेनर डिपो, माल ढुलाई स्टेशनों एवं रोड कॉरिडोर्स तक पहुंच के साथ उपयुक्त स्थानों पर लॉजिस्टिक्स टर्मिनल्स, 4-लेन और 6-लेन राजमार्गों के गुणवत्तापूर्ण नेटवर्क, इंटरलिंकिंग सड़कों आदि को सुदृढ़ करना है। इस नीति के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त ड्राई पोर्ट्स के विकास के लिये निवेश आकर्षित करने की योजना है। सूत्रों के अनुसार ड्राई पोर्ट्स के विकास के लिए प्रदेश सरकार कई तरह की रियायतें प्रदान करेगी। प्रदेश में आईसीडी, सीएफएस, एएफएस परियोजना स्थापित करने के लिए क्रय की गई या पट्टे पर ली गई भूमि (न्यूनतम 10 वर्ष की अवधि हेतु) पर स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत की दर से छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह भू उपयोग परिवर्तन चार्ज में 75 प्रतिशत की रियायत प्रदान की जाएगी तो विकास शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी। साथ ही इन परियोजनाओं को 60 प्रतिशत तक ग्राउंड कवरेज की भी अनुमति दी जाएगी। हालांकि ये सभी प्रस्तावित छूट समतुल्य धनराशि की बैंक गारंटी जमा करने पर ही अनुमन्य होंगी। इसके अलावा पात्र पूंजी निवेश पर 25 प्रतिशत की दर से कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाएगी वहीं,नई परियोजनाओं या औद्योगिक इकाई को इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 10 वर्ष की अवधि के लिए 100 प्रतिशत की दर से छूट मिलेगी। इसके अलावा प्रत्येक परियोजना को 5 वर्ष तक प्रति वर्ष अधिकतम 50 प्रशिक्षुओं की सीमा के अधीन 6 माह तक 1000 रुपए प्रति प्रशिक्षु प्रति माह के मानदेय की प्रतिपूर्ति के रूप में कौशल विकास सब्सिडी का भुगतान किया जाएगा। यदि ड्राई पोर्ट, एयर फ्रेट स्टेशन में पुलिस स्टेशन, चौकी बनाने की आवश्यक्ता पड़ती है तो इसकी स्थापना के लिए विकासकर्ता को संबंधित प्राधिकरण द्वार निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में मुरादाबाद रेल लिंक्ड संयुक्त घरेलू एवं एक्जिम टर्मिनल, रेल लिंक्ड प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल तथा कानपुर में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), दादरी टर्मिनल में आईसीडी कार्यरत है। राज्य को अंतरदेशीय जलमार्ग के करीब या किनारे विकसित किए जा रहे टर्मिनल्स तथा फ्रेट कॉरिडोर्स के करीब या किनारे मल्टी-मोडल टर्मिनलों का लाभ प्राप्त हो रहा है। दादरी में एक मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) एवं बोराकी (ग्रेटर नोएडा में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) भी विकसित किए जा रहे हैं, जिससे इस सेक्टर को और बढ़ावा मिलेगा। वाराणसी में 100 एकड़ क्षेत्र में भारत का प्रथम फ्रेट विलेज विकसित किया जा रहा है।

# ठंड और कोहरा से गौमाता को बचाये राज्य सरकार: कलीम भारतीय

## रेडियम का स्टीकर लगा कर गौमाता को पहनाने का अभियान चलाया जा रहा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा है कि राज्यों में ठंड और कोहरा से गौ माता को बचाने के लिए टाट या कंबल बांधा जाए जिससे ठंड से बचाव हो सके। वहीं गोरक्षा महासंघ द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी गौमाता को ठंड से बचाने के लिए कंबल में बेल्ट तथा रेडियम का स्टीकर लगा कर गौमाता को पहनाने का अभियान चलाया जा रहा है। कलीम भारतीय ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी निस्वार्थ अपने निजी पैसे से मृत गौ माता को दफ्नाते हैं, घायल गौ माता को इलाज कराते हैं ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाते हैं गौशाला में जाकर हरा चारा गुड़ खिलाते हैं समय-समय पर गौ माता के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हैं गौमाता आस्था का प्रतीक है सभी धर्मों के लोगों को सम्मान करना

**गोरक्षा**

» गौशाला में जाकर हरा चारा गुड़ खिलाते हैं समय-समय पर गौ माता के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हैं

चाहिए सभी धार्मिक किताबों में गौ माता का महत्व लिखा गया है क्यों हम सब लोग धार्मिक किताबों में लिखी हुई बातों पर अमल क्यों नहीं करते क्यों गौ हत्या करते हैं क्यों गौ तस्करी करते हैं क्यों गौ मांस खाते हैं जो लोग धार्मिक किताबों में लिखी हुई गौ माता के प्रति महत्त्व नहीं समझते हैं वह लोग राक्षस प्रजाति के लोग हैं ऐसे लोगों को समाज से बहिष्कार करना चाहिए। कलीम भारतीय ने कहा कि धार्मिक धर्मगुरु भी गौ हत्या गोमांस गौ तस्करी पर खामोश रहते हैं आखिर



क्यों जबकि धर्मगुरु समाज को सही रास्ता दिखाने के लिए होते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ स'चे गौ भक्त हैं गौ माता के प्रति अनेक योजनाएं चला रहे हैं उसके बावजूद भी गौशाला प्रबंधक सरकारी धन डकार जाते हैं और गौशालाओं की हालात खराब रहती है आए दिन गौ माता की मृत्यु होती है ठीक से खाना न मिलने से भूख से बीमार रहती हैं ऐसे गौशाला प्रबंधक के खिलाफ जिला प्रशासन को चाहिए करवाई करें तभी गौमाता को सम्मान मिलेगा। अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ गौमाता को सम्मान दिलाने के लिए गोमूत्र गोबर से ग्रामीण स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराएगा रा'य सरकार से सहयोग मांगेगा तभी गौमाता को सम्मान मिलेगा।

# यूपी मदरसों में होगा एनसीईआरटी जैसा सिलेबस, आधुनिक बनाने की कवायद अब तेज

**संवाददाता**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के मदरसों में बदलाव की रफ्तार तेज कर दी है। मदरसा बोर्ड ने धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा देने की तैयारी शुरू कर दी है। मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा, मदरसा के बच्चे इस साल एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफएजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) के पाठ्यक्रम का भी अध्ययन करेंगे। धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक वर्ष में राजकीय मदरसों का फोकस 'आधुनिक' शिक्षा पर ज्यादा रहेगा। इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा, 'अब मदरसे के बच्चे कंप्यूटर, गणित, विज्ञान की पढ़ाई कर सकेंगे.'मदरसों के लिए नया सिलेबस मार्च में जारी किया जाएगा.उन्होंने कहा, केजी, एलकेजी और यूकेजी जैसी प्री-प्राइमरी कक्षाएं मार्च से शुरू होंगी। आपको बता दें कि प्रदेश के

● मदरसा बोर्ड ने धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा देने की तैयारी शुरू कर दी

मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को छुट्टी किए जाने का प्रस्ताव सौंपा गया है। इस पर अंतिम निर्णय बोर्ड की जनवरी में आयोजित होने वाली बैठक में लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को 'उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली-2016' में जरूरी संशोधन और बदलाव के सिलसिले में एक बैठक बुलाई गई थी। इसमें बोर्ड के सदस्यों और बड़ी संख्या में मदरसों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जावेद के मुताबिक, बैठक में मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को साप्ताहिक छुट्टी किए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

# आरक्षित तिथियों में परीक्षाओं का उल्लेख करने की मांग

**संवाददाता**

**लखनऊ।** युवा मंच ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र ट्वीट कर मांग की है कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परीक्षा कलैण्डर में आरक्षित तिथियों में प्रतियोगी परीक्षाओं का उल्लेख किया जाये। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि आरक्षित तिथियों में परीक्षाओं का उल्लेख न किये जाने से प्रतियोगियों के समझ संशय व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। युवा मंच ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि प्राथमिक विद्यालयों समेत प्रदेश में सभी रिक्त पदों को तत्काल विज्ञापित कराया जाये और सभी लंबित भर्तियों को समयबद्ध

**सख्त कदम**

» लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा कलैण्डर से छात्रों में नाराजगी

पूरा कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायें। इस मौके पर युवा मंच की ओर से जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि प्रदेश में रोजगार संकट की भयावह स्थिति है। हालात ऐसे हैं कि प्रदेश में वर्किंग पापुलेशन के महज 33: लोग रोजगार में लगे हैं जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह अनुपात 40: से ज्यादा है। इस पर भी गौर करने की जरूरत है कि उदार अर्थनीतियों के लागू होने के पहले 1990 में यह अनुपात 58: से ज्यादा था।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की बैठक हुई

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की बैठक की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रोड शो करने के बाद पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश के प्रति एक सकरात्मक संदेश गया है। विदेशी निवेशकों के साथ-साथ हमें अपने देश के निवेशकों से भी संपर्क करना है। देश के भीतर होने वाले रोड शो के लिए शीघ्र ही प्रभावशाली रणनीति तैयार की जा रही हैं। इनवेस्टर्स से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्या का समाधान कराने के लिये सम्बन्धित विभागों में इनवेस्टमेंट सेल बनाने को कहा हैं। विभाग द्वारा ऐसे गैप एरिया को चिन्हित कर, जहां अधिक से

**बैठक**

» मुख्य सचिव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रोड शो करने के बाद पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश के प्रति एक सकरात्मक संदेश गया

अधिक इनवेस्टमेंट लाया जा सकता है। सूचना विभाग द्वारा निवेशकों के समक्ष प्रदर्शित करने लिये ऐसा चलचित्र तैयार, जिससे अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो सकें। विदेश में रोड शो की सफलता से यह सुनिश्चित हो गया है कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि



विदेशों में जिन कंपनियों व संस्थाओं, औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू हुआ है, उनसे लगातार संपर्क बनाए रखें। बेहतर फॉलो-अप के उद्देश्य से हर देश के लिए वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव नियोजन आलोक कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व डेलॉयट इंडिया के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रदेश में अब तक 42.52 लाख मी0टन धान की खरीद

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 70.00 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 42.52 लाख मी0टन धान की खरीद 6.74 लाख किसानों से हुई है, जो कि लक्ष्य का लगभग 61 प्रतिशत है। गतवर्ष में इसी अवधि तक 42.38 लाख मी0टन की खरीद हुई थी। क्रय धान के सापेक्ष रू0



6969.00 करोड़ का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में प्रेषित कराया गया है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा, पी0सी0एफ0, पी0सी0यू0, य0पी0एस0एस0, यू0पी0एस0एफ0सी0, मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा 4431 क्रय केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी, 2023 एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी, 2023 तक धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान कामन का समर्थन मूल्य रू0 2040 प्रति कुं0 एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य रू0 2060 प्रति कुं0 निर्धारित किया गया है। सौरभ बाबू ने बताया कि इस वर्ष मोटे अनाज के अन्तर्गत प्रदेश में पहली बार खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा द्वारा 18 जनपदों में 15 अक्टूबर, 2022 से 15 दिसम्बर, 2022 तक 106 क्रय केन्द्र संचालित कर बाजरा की खरीद की गयी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2350 प्रति कुं0 निर्धारित किया गया है।

# मण्डलायुक्त ने अमीरूदौला लाइब्रेरी व कैम्पस का निरीक्षण किया

**संवाददाता**

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अमीरूदौला लाइब्रेरी व कैम्पस का निरीक्षण किया। उन्होंने अमीरूदौला लाइब्रेरी में स्मार्ट सिटी द्वारा कराये जा रहे कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हो रहे कार्यों में विशेष रूप से गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये। मण्डलायुक्त द्वारा अमीरूदौला लाइब्रेरी के निकट गुलाब वाटिक का भी निरीक्षण कर, सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क की टूटी हुई रेलिंग मरम्मत के साथ रंगाई व पुताई, पौधों का रोपण, बैठने हेतु बेंच, साफ-सफाई का कार्य करने को कहा हैं। वहीं लाइब्रेरी में पढ़ाई वाले हाल में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था साथ ही लाइब्रेरी में वेन्टीलेशन का विशेष ध्यान, आने वाले आगन्तुकों के लिये एक लॉकर रूम बनाये जाने के निर्देश दिये।

## मतदाता वोटर लिस्ट में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जाय: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पर सभी विभागों में शपथ कार्यक्रम किये जाएंगे आयोजित

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने मंगलवार को कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, सभागार में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2023 के सम्बंध में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी, 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के

**निर्देश**

» 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2023 के सम्बंध में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये

अवसर पर सभी विभागों में शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। सभी



विभाग राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अपने कार्मिकों एवं उनके परिजनों का वोटर लिस्ट में नाम है, यह सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने मतदाता वोटर लिस्ट में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम विभागीय स्तर पर भी किये जाएं, जिससे कि वोटिंग के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र नागरिकों का केवल पहचान पत्र ही नहीं है, बल्कि मतदान देने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जाय। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 जनवरी, 2023 को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिलों के साथ राज्य स्तर पर भी आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित होगा। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी, हॉफ मैराथन, श्लोगन राइटिंग, फोटो प्रदर्शनी, मेंहदी, निबंध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन कॉलेजों के माध्यम से किया जायेगा।

# सम्पादकीय

## कोर्ट की मोहर

आखिरकार देश की सबसे बड़ी अदालत ने साल 2016 में हुई नोटबंदी पर अपना फैसला सुना दिया। इस फैसले के खिलाफ दायर 58 याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने सात दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले अदालत ने केंद्र सरकार, केंद्रीय बैंक तथा याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी थीं। जस्टिस एस. नजीर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने नोटबंदी के निर्णय को सही ठहराया। जबकि न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने फैसले से असहमति जतायी। दरअसल, इन याचिकाकर्ताओं ने नोटबंदी के विभिन्न पक्षों को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। न्यायाधीशों का मानना था कि आरबीआई कानून की धारा 26(2) की शक्तियों के आधार पर बैंक नोट की किसी भी सीरीज को प्रतिबंधित किया जा सकता है। लेकिन याचिकाकर्ताओं ने 'किसी भी' सीरीज को सभी सीरीज को प्रतिबंधित करने के अधिकार के रूप में नहीं देखा। वहीं अदालत का कहना था 'किसी भी' शब्द को तंग नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। साथ ही यह भी कि केंद्र सरकार व केंद्रीय बैंक को आर्थिक नीतियों की सुरक्षा हेतु सेंट्रल बोर्ड के साथ विमर्श करने की आवश्यकता होती है। वहीं दूसरी ओर फैसले से असहमत जस्टिस बी.वीघ् नागरत्ना का कहना था कि केंद्र द्वारा सभी सीरीज के नोट को प्रचलन से बाहर करना गंभीर विषय था। साथ ही यह कि केंद्र को यह फैसला अधिसूचना के बजाय विधेयक के जरिये लेना चाहिए था। विषय के महत्व को देखते हुए संसद के सामने रखना चाहिए। यह भी कि आरबीआई ने फैसला केंद्र सरकार की इच्छा के मुताबिक लिया था। दूसरी ओर न्यायमूर्ति गवई ने नोटबंदी के उद्देश्यों को तार्किक बताया। उल्लेखनीय है केंद्र सरकार ने आठ नवंबर, 2016 में नोटबंदी की घोषणा की थी। इस निर्णय के बाद कई सप्ताह तक बैंकों व एटीएम में पुराने नोट बदलवाने के लिये लंबी लाइनें देखी गई। कई जगह अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं कोर्ट ने मामले को अकादमिक बताये जाने और निर्णय को लेकर लंबा अर्सा बीतने पर सवाल उठाये थे। वहीं याचिकाकर्ताओं के वकील पी. चिदंबरम का कहना था कि ऐसे निर्णय में अनुशंसा केंद्रीय बैंक की तरफ से आनी चाहिए थी। उन्होंने विगत में नोटबंदी को लेकर संसद में कानून पारित करने के फैसले का हवाला दिया। उनकी दलील थी कि केंद्र ने कोर्ट के समक्ष पर्याप्त दस्तावेज नहीं रखे। सवाल उठाया कि क्या यह फैसला लेने के वक्त केंद्रीय बैंक के सेंट्रल बोर्ड की बैठक के सभी नियमों की पालना हुई? वहीं आरबीआई के वकील का कथन था कि फैसले की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

## जोखिम की दवा

मगर पिछले तीन महीने के भीतर यह दूसरी बार है, जब खांसी से आराम के लिए दी गई दवा से कई बच्चों की मौत की खबर आई। खबरों के मुताबिक, उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने वहां अठारह बच्चों की मौत के लिए भारत में बनने वाली खांसी की दवा को जिम्मेदार ठहराया। जाहिर है, अगर दवा के असर से ही इतनी संख्या में बच्चों की मौत हो गई, तो यह बेहद चिंताजनक मामला है। फिलहाल उज्बेकिस्तान से आई खबर के मद्देनजर भारत में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद संबंधित कंपनी की नोएडा इकाई में सभी उत्पादन गतिविधियों को रोक दिया गया है। हालांकि इस मामले में जांच की प्रक्रिया के किसी नतीजे पर पहुंचने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि अगर बच्चों की जान जाने की वजह यह दवा थी, तो उसमें मिलाए गए कौन-से रसायन इसके लिए जिम्मेदार थे। गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले अफ्रीकी देश गांबिया में भी भारत की एक कंपनी की खांसी की दवा लेने से साठ से ज्यादा बच्चों की मौत की खबरें आई थीं। हालांकि उस घटना के बाद दवा के ही घातक होने को लेकर कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आ सका था। लेकिन किसी दवा के असर से कई मरीजों के भीतर समान प्रतिक्रिया होती है, तब इस बात की आशंका पैदा होती है कि क्या इसे किसी रासायनिक मिश्रण का दुष्परिणाम माना जा सकता है! उस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने इसे लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक आरोपों के घेरे में आई खांसी की कुछ दवाएं इंसान के लिए जहर की तरह हैं। डब्लूएचओ का कहना है कि इथिलेन ग्लाइकाल दरअसल 'कार्बन कंपाउंड' है, जिसमें न खुशबू होती है और न कोई रंग। यह मीठा होता है, जिसे बच्चों के लिए तैयार खांसी की दवा में इसलिए मिलाया जाता है, ताकि वे उसे आसानी से पी सकें। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसकी मात्रा में असंतुलन हो जाता है, तो यही दवा जानलेवा साबित हो सकती है। यही वजह है कि ये दवाएं अमेरिका, आस्ट्रेलिया और यूरोप के कई देशों में प्रतिबंधित हैं। सवाल है कि क्या दवा तैयार करने में इस रसायन के संतुलित प्रयोग का ध्यान नहीं रखा गया? या फिर बच्चों को यह दवा देते समय मात्रा और खुराक की सीमा का खयाल रखने में चूक हुई? इन पहलुओं का जवाब विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएगा। मगर यह तथ्य है कि ऐसी कई प्रतिबंधित दवाएं कुछ देशों में खुलेआम उपलब्ध होती हैं और कई बार खुद चिकित्सक भी उसे लेने की सलाह दे देते हैं। आखिर किसी दवा पर पाबंदी की वजह यही होती होगी कि उसमें मौजूद कोई रसायन या तत्त्व मरीजों की सेहत या जान तक के लिए जोखिम भरा या जानलेवा साबित हो सकता है!

# अश्लील वीडियो कॉल्स के चक्रव्यूह का खुलकर करे सामना

**इस** अपराध के पीछे संगठित अपराध समूह ज्यादातर विदेशों में स्थित हैं। उनके लिए यह पैसा कमाने का एक कम जोखिम वाला तरीका है और वे कई पीड़ितों तक आसानी से ऑनलाइन पहुंच सकते हैं। पीड़ित अक्सर पुलिस को इन अपराधों की रिपोर्ट करने से चिंतित होते हैं क्योंकि वे शर्मिंदा होते हैं। जबकि सेक्सटॉर्शनिस्ट पीड़ितों को परेशान करने, शर्मिंदा करने, आघात करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग कर सकते हैं, यह उच्च समय है कि दानव को सिर के बल ले जाया जाए और जागरूकता बढ़ाने और सेक्सटॉर्शन की बुराई के सामाजिक कलंक को दूर किया जाए। यह ध्यान देने योग्य है कि इंटरनेट कभी भी भूलता और माफ नहीं करता और इसकी पहुंच और प्रसार बिजली से तेज और विशाल है। प्रभावशाली दिमाग वाली हमारी युवा पीढ़ी को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए कि वे कभी भी अश्लील वीडियो कॉल में शामिल न हों और अगर कोई अजनबी अंतरंगता विकसित करने के लिए जल्दबाजी करता है, तो खतरे की घंटी बजनी चाहिए। रैकेटियर को रिपोर्ट करने और निडर होकर न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत है। बहुत से लोग छेड़खानी और साइबरसेक्स के लिए वेबकैम का उपयोग करते हैं-लेकिन कभी-

> पीड़ित अक्सर पुलिस को इन अपराधों की रिपोर्ट करने से चिंतित होते हैं क्योंकि वे शर्मिंदा होते हैं। जबकि सेक्सटॉर्शनिस्ट पीड़ितों को परेशान करने, शर्मिंदा करने, आघात करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग कर सकते हैं, यह उच्च समय है कि दानव को सिर के बल ले जाया जाए और जागरूकता बढ़ाने और सेक्सटॉर्शन की बुराई के सामाजिक कलंक को दूर किया जाए। यह ध्यान देने योग्य है कि इंटरनेट कभी भी भूलता और माफनहीं करता और इसकी पहुंच और प्रसार बिजली से तेज और विशाल है। प्रभावशाली दिमाग वाली हमारी युवा पीढ़ी को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए कि वे कभी भी अश्लील वीडियो कॉल में शामिल न हों और अगर कोई अजनबी अंतरंगता विकसित करने के लिए जल्दबाजी करता है।

कभी जिन लोगों से आप ऑनलाइन मिलते हैं वे वे नहीं होते जो वे कहते हैं कि वे हैं। अपराधी नकली पहचान का उपयोग करके पीड़ितों से ऑनलाइन दोस्ती कर सकते हैं और फिर उन्हें अपने वेबकैम के सामने यौन क्रिया करने के लिए राजी कर सकते हैं, अक्सर शिकार को लुभाने के लिए एक आकर्षक महिला का उपयोग करते है। इन महिलाओं को वित्तीय प्रोत्साहन या धमकियों का उपयोग करके इन कार्यों में मजबूर किया गया हो सकता है। ये वेबकैम वीडियो अपराधियों द्वारा रिकॉर्ड किए जाते हैं जो फिर पीड़ितों के दोस्तों और परिवार के साथ छवियों को साझा करने की धमकी देते हैं। इससे पीड़ितों को बेहद शर्मिंदगी और शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। पुरुष और महिला दोनों इस अपराध का शिकार हो सकते हैं, या तो उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता है या यौन कृत्यों को करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। बेहद आकर्षक महिला के नकली प्रोफाइल पहले से ही बनाए जाते हैं और उन्हें यथार्थवादी दिखने के लिए सावधानीपूर्वक देखभाल की जाती है, यानी प्रोफाइल की लंबी कालक्रम, नियमित अद्यतन, या आकर्षक और यथार्थवादी चित्रों को नियमित रूप से अपलोड करना आदि। इन नकली लेकिन वास्तविक प्रोफाइल से पहचाने गए लक्ष्यों के लिए मित्र अनुरोध भेजे जाते हैं। अनुरोध फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिंडर, डेटिंग या यहां तक कि वैवाहिक साइटों जैसे प्लेटफार्मों में अत्यधिक दोस्ताना और आकर्षक आकर्षक महिलाओं से हैं। इस घिनौने कृत्य के लिए तकनीकी पहलुओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है और भोले-भाले शिकार का विश्वास हासिल करने के लिए श्सोशल इंजीनियरिंगश् नामक मनोवैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। सोशल इंजीनियरिंग से तात्पर्य अपराधियों द्वारा धोखे और धोखाधड़ी के माध्यम से पीड़ितों को हेरफेर करने के लिए उपयोग की जाने वाली मनोवैज्ञानिक चाल से है। फिर स्कैमर्स उन्हें यौन लालच के वीडियो कॉल में शामिल होने के लिए लुभाते हैं और प्रेरित करते हैं, आमतौर पर गिरोह की महिला सहयोगियों को भद्दे वीडियो कॉल में लिप्त होने और इनबिल्ट या डाउनलोड किए गए स्क्रीन रिकॉर्डिंग ऐप का उपयोग करके उन्हें रिकॉर्ड करने के लिए प्रेरित किया जाता है। ये रिकॉर्ड की गई कामोत्तेजक क्लिप फिर जबरन वसूली के साधन बन जाते हैं जिससे पीड़िता को अनकहा आघात होता है। भारत में 70 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन (प्रत्येक अपने आप में एक शक्तिशाली कंप्यूटर की तरह काम कर रहे हैं) के साथ, सेक्सटॉर्शन के जाल फैलाने के लिए चारागाह हैं। यह भारतीय समाज में यौन इच्छाओं से जुड़े अत्यधिक पाखंड और कलंक के साथ मिलकर, लोगों को फंसाने के लिए एक अनुकूल प्रजनन स्थल की सुविधा



प्रदान करता है। सेक्सटॉर्शन एक दर्दनाक, भयानक और अमानवीय उल्लंघन है जो पीड़ितों की शर्म और सामाजिक स्तर से खेलता है। ऐसे में अपने आप को शिकार बनने से रोकने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप इस बारे में बहुत सावधान रहें कि आप किसके साथ ऑनलाइन मित्रता करते हैं, खासकर यदि आप उनके साथ कुछ भी अंतरंग साझा करने पर विचार कर रहे हैं। घबराएं नहीं, पहला बड़ा कदम यह पहचानना है कि आप इसमें श्पीड़ितश् हैं और जो कुछ हुआ है, उसमें आपकी मदद करने के लिए आपको समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। ब्लैकमेल के तौर पर पैसे की बजाये उल्टा धमकाना सही उपाय हो सकता है लेकिन अनुभव से पता चलता है कि जहां पीड़ितों ने भुगतान किया है, वहां इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अपराधी अभी भी रिकॉर्डिंग पोस्ट नहीं करेंगे और वास्तव में आगे की मांगों के साथ वापस आने की अधिक संभावना है। संवाद न रखें, ब्लॉक कर दे क्योंकि इन धमकियों का जवाब देने से यह अपराधियों को संकेत मिलता है कि आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें अपनी फिरौती देने के लिए राजी किया जा सकता है। साथ ही आपके साथ क्या हुआ है इसकी रिपोर्ट करने के लिए आप अपने स्थानीय पुलिस बल (101) से संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है यदि आप इस मुद्दे से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो किसी विश्वसनीय वयस्क से बात करने पर विचार करें और बाल शोषण ऑनलाइन सुरक्षा के माध्यम से अतिरिक्त सहायता भी प्राप्त करे। इस अपराध के पीछे संगठित अपराध समूह ज्यादातर विदेशों में स्थित हैं। उनके लिए यह पैसा कमाने का एक कम जोखिम वाला तरीका है और वे कई पीड़ितों तक आसानी से ऑनलाइन पहुंच सकते हैं। पीड़ित अक्सर पुलिस को इन अपराधों की रिपोर्ट करने से चिंतित होते हैं क्योंकि वे शर्मिंदा होते हैं। जबकि सेक्सटॉर्शनिस्ट पीड़ितों को परेशान करने, शर्मिंदा करने, आघात करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग कर सकते हैं, यह उच्च समय है कि दानव को सिर के बल ले जाया जाए और जागरूकता बढ़ाने और सेक्सटॉर्शन की बुराई के सामाजिक कलंक को दूर किया जाए।

# नोटबंदी पर अहम फैसला

**8 नवम्बर** 2016 को प्रधानमंत्री मोदी ने अचानक नोटबंदी की घोषणा टीवी चौनलों के जरिए की थी और उसके बाद पूरे देश में आर्थिक सुनामी सी आ गई थी। आम लोगों को दिन-रात बैंकों के बाहर लंबी कतारों में लगे रहने को सरकार ने मजबूर कर दिया था। अपनी जमा-पूंजी पर लोगों का हक छिन सा गया था। अपनी बचत के नोटों को नए नोटों से बदलना और बैंकों में जमा राशि को हासिल करना आसमान से तारे तोड़ने जैसा असंभव काम लगने लगा था। नोटबंदी के इस फैसले के बाद अगले कुछ महीने लाखों-करोड़ों लोगों पर भारी पड़े। इलाज, शिक्षा, विवाह ऐसे तमाम कामों में अड़चन पेश आने लगी, क्योंकि इनके लिए जोड़ी गई रकम अब बैंक के हवाले थी। अनाधिकृत रूप से नोट बदलने और उसमें कमीशन खाने का एक नया व्यापार भी इसमें शुरु हो गया। ये आपदा में अवसर जुटा लेने की सीख मिलने से पहले की बात है। नोटबंदी से भारतीय अर्थव्यवस्था की कमर पर करारी चोट पड़ी और इसका सबसे अधिक दर्द आम नागरिक को भुगतना पड़ा, ऐसी राय अनेक जाने-माने अर्थशास्त्रियों की बनी। विपक्ष के बहुत से दलों ने नोटबंदी के मसले पर मोदी सरकार को घेरा। हालांकि नोटबंदी के फैसले के अगले ही साल हुए उत्तरप्रदेश चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला, तो उसके पास अपने बचाव में यह तर्क था कि अगर जनता इस फैसले से नाराज होती तो भाजपा को नहीं जिताती। अब एक बार फिर भाजपा को अपने

> आम लोगों को दिन-रात बैंकों के बाहर लंबी कतारों में लगे रहने को सरकार ने मजबूर कर दिया था। अपनी जमा-पूंजी पर लोगों का हक छिन सा गया था। अपनी बचत के नोटों को नए नोटों से बदलना और बैंकों में जमा राशि को हासिल करना आसमान से तारे तोड़ने जैसा असंभव काम लगने लगा था। नोटबंदी के इस फैसले के बाद अगले कुछ महीने लाखों-करोड़ों लोगों पर भारी पड़े। इलाज, शिक्षा, विवाह ऐसे तमाम कामों में अड़चन पेश आने लगी, क्योंकि इनके लिए जोड़ी गई रकम अब बैंक के हवाले थी। अनाधिकृत रूप से नोट बदलने और उसमें कमीशन खाने का एक नया व्यापार भी इसमें शुरु हो गया।

फैसले को सही ठहराने का मौका मिला है। यह अवसर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की बदौलत मिला है।

नोटबंदी के खिलाफ 58 याचिकाएं दायर की गई थीं, जिन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। 2 जनवरी को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए नोटबंदी की प्रक्रिया को सही ठहराया है। हालांकि



अदालत ने यह फैसला सर्वसम्मति से नहीं बल्कि 4-1 के बहुमत से दिया है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने नोटबंदी के फैसले को सही नहीं मानते हुए इसकी कानूनी प्रक्रिया पर चिंता व्यक्त की है। गौरतलब है कि नोटबंदी का ऐलान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था और तब इसमें संसद और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की भूमिका पर सवाल उठे थे कि इन दोनों की इस बारे में क्या राय थी। यही सवाल अदालत में भी उठे। जिस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि संसद भारतीय लोकतंत्र का केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण मामले में उसे अलग नहीं छोड़ा जा सकता है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि नोटबंदी के लिए आरबीआई ने कोई स्वतंत्र आवेदन सरकार के पास नहीं किया था। उसके दस्तावेज से साफ है कि यह प्रस्ताव सरकार की ओर से आया था, उसने खुद इस पर कोई विचार नहीं किया था। जब नोटबंदी का प्रस्ताव केंद्र सरकार से आता है, तो यह भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 26 (2) के तहत नहीं आता है। यह कानून बनाकर ही लाया जा सकता है और अगर गोपनीयता की जरूरत है, तो फिर अध्यादेश ही सिर्फ रास्ता बचता है। धारा 26(2) के अनुसार नोटबंदी का प्रस्ताव आरबीआई का केंद्रीय बोर्ड ही ला सकता है। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि आरबीआई को धारा 26(2) के तहत यह शक्ति है कि वो किसी नोट की किसी खास नंबर की सीरीज पर नोटबंदी लागू कर सकता है, पूरी सीरीज पर नहीं। पांच जजों की पीठ में अकेले जस्टिस नागरत्ना का फैसला अलग था और बहुमत के आधार पर फैसला सरकार के पक्ष में गया है। लेकिन असहमति का यह फैसला लोकतंत्र के लिहाज से ऐतिहासिक है। क्योंकि यह फैसला संसद की विधायी शक्ति और सरकार की सीमित शक्तियों के बीच के बड़े अंतर को सामने रखता है। वैसे भाजपा के लिए यह फैसला काफी अहम हो गया है, क्योंकि जिस मुद्दे पर पिछले आठ सालों से विपक्ष उसे घेर रहा था, वह सुप्रीम कोर्ट में सही ठहरा दिया गया है। लेकिन खास बात ये है कि अदालत ने अपना फैसला प्रक्रिया पर दिया है न कि नोटबंदी के परिणामों पर। पाठकों को याद होगा कि सरकार ने नोटबंदी के फैसले के पीछे काले धन का खात्मा, आतंकवाद पर चोट, जाली नोटों पर रोक लगाने के उद्देश्य का हवाला दिया था। लेकिन रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में नकली नोटों की बढ़ोतरी बताई गई, आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सका और 2018 में केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने माना था कि नोटबंदी के बाद से नकदी की कमी के चलते लाखों किसान, रबी सीजन में बुआई के लिए बीज-खाद नहीं खरीद सके और इसका उनकी फसल पर बहुत बुरा असर पड़ा था। इसके अलावा छोटे व्यापारियों, लघु और मध्यम उद्योगों के साथ-साथ रोजगार पर भी नोटबंदी का विपरीत प्रभाव पड़ा था। इस नजरिए से देखा जाए तो नोटबंदी जिन उद्देश्यों के साथ लागू की

# आलेख — शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर

**विगत** दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता हैस इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता हैस इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति हैस भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी

> इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता हैस इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता हैस इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति हैस भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं।

छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षो में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंहः-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनुः-**नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**मकरः-** सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**कुंभः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीनः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दोस्तों मेहनत से मोहब्बत करो, क्योंकि यह तुम्हारी कामयाबी की वजह बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### टक्कर मार कर भाग रहे ट्रक में फंसी बाइक

**अमरोहा ।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के जोया में सोमवार की रात मुरादाबाद से गजरौला की तरफ जा रहे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में बाइक ट्रक में ही फंस गई। इससे सड़क पर रगड़ लगने की वजह से बाइक से निकली चिंगारी से ट्रक में आग लग गई। इसके बाद ट्रक धू-धू कर जल उठा। ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई। वहीं, घायल बाइक सवार को पुलिस ने जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ये हादसा घने कोहरे के कारण हुआ है। डिडौली कोतवाली इलाके के गांव नारंगपुर में किसान देवराज सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। छोटा बेटा बिट्टू सोमवार की रात जोया से घर लौट रहे थे। तभी मुरादाबाद की दिशा से आ रहे चावल की भूसी से लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक सवार बिट्टू टक्कर लगने के बाद उछल कर दूर जा गिरा। जबकि उसकी बाइक ट्रक में फंस गई। हादसे से अनजान आरोपी चालक ट्रक को दौड़ाता रहा। इस बीच सड़क पर बाइक की रगड़ लगने से निकली चिंगारी से ट्रक में आग लग गई। जोया टोल प्लाजा के पास पहुंचने से पहले ट्रक धू धू कर जलने लगा। आग की लपटें आसमान छूने लगीं। इस दौरान ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई। थोड़ी देर में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बिट्टू को जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में बिट्टू की मौत हो गई।

### महीनों से गंदे पानी की आपूर्ति से परेशान लोग, शिकायत के बाद भी नहीं निकला समाधान

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के वार्ड-56 के मोहल्ला चौरासी घंटा के धर्मशाला वाली गली में रहने वाले 20 परिवार गंदे पानी की आपूर्ति से परेशान हैं। लोगों ने इसकी शिकायत भी नगर निगम के कर्मचारियों से की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इससे उनमें रोष है। मोहल्ला निवासी मोहम्मद आलम, माजिद, जब्बार, राहत अली, सोती, पिंटू ने बताया कि मोहल्ले की उक्त गली में 20 परिवार रहते हैं। जिनके घरों में पिछले करीब 20 दिनों से गंदा पानी टोटी में आ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना भी नगर निगम के कर्मचारियों को दी, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। जिससे उन लोगों में रोष है। इन घरों के लोग पानी छान कर अथवा मोहल्ले के अन्य घरों में लगे सबमर्सिबल से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। लोगों ने नगर निगम के जल कल महकमे से इसे शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।

### अवारा पशुओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने की मांग को लेकर भाकियू ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। चेताया कि यदि जिला प्रशासन ने छुट्टा पशुओं की उचित व्यवस्था नहीं की तो किसान छह जनवरी को मोढ़ा तैया में सड़क पर खूंटा गाड़कर प्रदर्शन करेंगे। भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव नो सिंह के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस बीच किसानों ने जिलाधिकारी को बताया कि किस प्रकार छुट्टा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। याद दिलाया कि उन्होंने इस मामले को लेकर 21 दिसंबर को भी ज्ञापन दिया था। डीएम ने बताया कि इस मामले में तीन जनवरी को पशुधन विभाग, सभी तहसीलों के एसडीएम की वीडियो कांफ्रेंसिंग कर ब्लॉक वार टीम गठित की जाएगी। इसकी शुरुआत पांच जनवरी को मोढ़ा तैया से की जाएगी। भाकियू नेताओं ने दो टूक कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर छह जनवरी को छुट्टा पशुओं को पकड़कर भाकियू मोढ़ा तैया सड़क पर खूंटा गाड़कर रोड जाम करेगी। भाकियू बड़े आंदोलन की शुरूआत मोड़ा तैया से करेगी। प्रतिनिधिमंडल में मंडल प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी गौरव सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, प्रदेश प्रभारी शुभम राठी, मोहित चीमा, वीर सिंह, गतेंदर सिंह और रनवीर यादव शामिल थे।

### धूप रही नदारद, कोहरे व हवाओं ने बढ़ाई ठंड

**बांदा।** साल के तीसरे दिन भी शीतलहर और सर्दी का सितम जारी रहा। दोपहर को निकली हल्की धूप भी गलन और ठंड के सामने बेअसर रही। सर्द हवाओं से ठिठुर रहे लोग आग सेंकते नजर आए। बांदा का न्यूनतम तापमान सात और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि चित्रकूट का अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। मंगलवार दोपहर तक धूप नजर नहीं आई। कोहरे की धुंध छाई रही। दृश्यता भी कमजोर रही। तमाम वाहन चालक लाइट जलाकर निकले। दिन चढ़ने के साथ कुछ कोहरा छटा तो हल्की धूप निकल आई, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। कुछ देर बाद फिर धूप नदारद हो गई। सर्द हवाओं के चलते पूरे दिन ठिठुरन बनी रही। ठंड से बचने की लोग जुगत करते रहे। शाम होते ही कोहरे संग सर्द हवाओं से फिर लोग ठिठुरने लगे। रात 10 बजे के बाद जरूरतमंद ही सड़कों पर नजर आए। घरों, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक जगहों पर लोग अलाव तापते ठंड से बचने का प्रयास करते देखे गए। चित्रकूट जिले के मानिकपुर, पहाड़ी, भरतकूप, राजापुर क्षेत्र ठंड के कारण किसान परेशान हैं। कोहरे व जोरदार सर्दी के बीच दलहनी तिलहनी फसलों में पाला व रोगों को लेकर जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला ने बताया कि रात में कोहरा शीतलहर के साथ पड़ रही है। ओस गेहूं के लिए अमृत है। इससे गेहूं को अ'छा फायदा होगा। आलू, सब्जी व अरहर को नुकसान हो सकता है। मसूर, चना, व सरसों में रोग लग सकता है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिनेश साह ने बताया कि पहाड़ों में बर्फबारी और ठंडी हवाएं चलने से ठंड और गलन में इजाफा हुआ है। अधिकतम और न्यूनतम पारा लुढ़क रहा है। अभी करीब तीन दिनों तक ठंड ऐसी ही रहेगी। रात और दिन के तापमान में गिरावट आएगी। बुधवार को भी कोहरा और हल्की धूप निकलने की संभावना है।

### राष्ट्रीय लोकदल ने सदस्यता अभियान 31 मार्च तक बढ़ाया

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय द्वारा राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान 31 मार्च तक बढा दिया गया है। यह जानकारी देते हुये सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश के किसानों, मजदूरों के साथ साथ युवा वर्ग एवं जनसामान्य की भावना का सम्मान करते हुये सदस्यता अभियान का समय बढाया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 20 लाख सदस्य बन चुके हैं। प्रतिदिन हजारों की तादात में प्रदेश के सुदूर अंचलों तक लोग राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। मकर संक्रान्ति से गांवों की बाजारों में कैम्प लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। शहरों में विभिन्न चौराहों पर एवं पार्को में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी कैम्प लगाकर लोगों को सदस्य बनाये जा रहे हैं। किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों एवं जनहित कल्याणकारी क्रियाकलापों का प्रचार करते हुये किसानों एवं मजदूरों के प्रेरणा स्त्रोंत चौधरी अजित सिंह की किसानों के प्रति की गयी सेवाओं को आम जनता से परिचित कराते हुये राष्ट्रीय लोकदल का जन जन जोडों कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।

### गोरखपुर ने झांसी को 27 रनों से हराया, अनुभव बने मैन ऑफद मैच

**बांदा।** बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज पर अंतररा'यीय 'वाला कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें टूर्नामेंट के आज दूसरे दिन सोमवार को गोरखपुर बनाम झांसी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें जिसमें गोरखपुर की टीम ने झांसी की टीम को 27 रनों से पराजित किया। बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज का है, जहां पर अंतर रा'यीय लेदर बॉल 'वाला कप टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बांदा पुलिस अधीक्षक अभिनंदन मौजूद रहे। वहीं, खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत करवाई आज दूसरे दिन सोमवार को गोरखपुर बनाम झांसी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें झांसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गोरखपुर की टीम को बैटिंग करने का न्योता दिया, जिसमें गोरखपुर 20 ओवर में कुल 135 रन बनाए, जिसमें शिवम 25 रन अनुभव 25 रन सचिन 21 रन विनायक 17 रन का योगदान दिया। झांसी की टीम 136 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी 109 रन बनाकर पूरी टीम 19 ओवर में ऑल आउट हो गई, जिसमें कृष्णा 35 रन, अभय 25 रन, का योगदान दिया। वही गोरखपुर की टीम ने 27 रनों से मैंच जीत लिया। वहीं, मैन ऑफद मैच गोरखपुर के खिलाड़ी अनुभव जो 25 रन व 3 विकेट चटकाए थे उनको दिया गया। इस मौके पर संरक्षक जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, अजय सिंह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह, वहीं इलेवन स्टार टीम के सदस्य व संरक्षक महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र साहिल, राजेंद्र कुमार, पंकज द्विवेदी, विष्णु प्रताप सिंह, असगर अली, आनंद सिंह गौतम, शिव शंकर ,विपुल जयसवाल, कुलदीप गुप्ता सहित हजारों की संख्या पर दर्शक मैच का आनंद लिया।

# प्रवासी भारतीय दिवस में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता

**संवाददाता**

**लखनऊ।** इंदौर में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे 17वें प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम में लखनऊ के 03 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अजीत कुशवाहा, शुभम मिश्रा, रोहित कुमार कश्यप को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस के तौर पर 08 से 10 जनवरी के मध्य इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एवं समापन देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**कार्यक्रम**

» कार्यक्रम का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एवं समापन देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा किया जाएगा

के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रथम दिन युवाओं पर आधारित होगा जिसकी थीम 'प्रवासी अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदारश् होगा। इस सत्र में अलग-अलग विश्वविद्यालयों के छात्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवकों साथ प्रवासी भारतीय युवा भी सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार संघ, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजीत कुशवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान, उनके साथ मैत्री संबंध को बढ़ावा देना, साथ ही आधुनिक भारत की परिकल्पना को वैश्विक स्तर पर सार्थक बनाना, अमृत काल में 2047 का भारत कैसा हो? इस विषय पर भी सभी युवा मिलकर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन आजादी का अमृत महोत्सव-भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी का योगदान एवं तीसरे दिन 'भारतीय कार्यबल को वैश्विक स्तर पर गतिशील एवं सक्षम करना' विषय पर चर्चा की जायेगी। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार संघ, उत्तर प्रदेश के महासचिव रोहित कश्यप ने बताया कि देश के विकास में भारतवंशियों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रवासी भारतीय दिवस प्रत्य्येक वर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1915 में महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटे थे। इसमें अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्ष, युवा कार्यक्रम एवं खेल केंद्रीय मंत्री, विदेश मंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और अलग-अलग दूतावासों के उच्च अधिकारी सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश के 04 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता जिसमे जनपद औरैया से नेहा कुशवाहा भी शामिल हैं।

# बीबीएयू में शुरु होगा बुद्धा स्टडीज सेंटर

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के केंद्रीय विश्वविद्यालय, बीबीएयू यानी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी बुद्धा स्टडीज पर एडवांस सेंटर शुरू करने जा रहा हैं। बड़ी बात ये हैं कि इसके लिए थाईलैंड समेत साउथ ईस्ट एशिया के कई देशों से एमओयू किए जा रहे हैं। ये फ्लैगशिप प्रोग्राम का रूप लेने जा रहा हैं। विशेषज्ञों की माने तो बुद्धा स्टडीज पर हायर एजुकेशन के मुफीद संस्थान बेहद सीमित हैं। वही इनसे जुड़े पाठ्यक्रमों को लेकर स्टूडेंट्स का रुझान 'यादा रहता हैं। खासतौर पर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में बुद्ध के फॉलोवर्स की बढ़ी तादाद के कारण हमेशा ऐसे कोर्स की डिमांड रहती हैं। एडवांस सेंटर ऑफ बुद्धा स्टडीज की स्थापना से विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट समेत रिसर्च ओरिएंटेड कोर्स चलाने की भी तैयारी

**तैयारी**

» थाईलैंड के स्टूडेंट्स रिसर्च के लिए करेंगे लखनऊ का रुख

हैं। खासतौर पर और ' स्टूडेंट्स के लिए इस नए डिपार्टमेंट के आने से करियर के तमाम नए अवसर मुहैया होंगे। बीबीएयू के कुलपति प्रो.संजय सिंह ने बताया कि बीते वर्ष 2022 में विश्वविद्यालय ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। साल 202× के लिए भी तमाम गोल सेट किए गए हैं। स्टूडेंट्स के लिहाज से साल की शुरुआत से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें से एक बड़ा कदम केंद्रीय विश्वविद्यालय में एडवांस सेंटर ऑफ बुद्धा स्टडीज की स्थापना से जुड़ा हैं। इसको लेकर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। थाईलैंड समेत साउथ ईस्ट एशियाई देशों में इन कोर्स की लोकप्रियता 'यादा हैं।

# माफिया मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद को राहत

### हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद की गैंगस्टर केस में जमानत मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश दिया है। 31 जनवरी 2022 को मऊ के दक्षिण टोला थाने में अनवर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई थी। अनवर इस समय गाजीपुर की जेल में बंद है अनवर की जमानत पर अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने बहस की। अनवर शहजाद के भाई आतिफ़ रजा उर्फ सरजील को पहले ही इस मामले में जमानत मिल चुकी है। सरकारी जमीन कब्जाने के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जस्टिस सैयद वैज मियां की सिंगल बेंच ने जमानत अर्जी मंजूर की। आतिफ़ रज़ा को जेल से निकलते ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। अब देखना यह होगा कि अनवर शहज़ाद के ग़ाज़ीपुर जेल से रिहा होने पर ईडी उसे गिरफ्तार करती है या नहीं।

# डीजीपी संग पहुंचे मुख्य सचिव ने परखी माघ मेले की तैयारी

**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचकर माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कई सेक्टरों में जाकर तैयारियां देखी और आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने समय से काम पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि मेले में किसी भी श्रद्धालु और संत को दिक्कत न हो, इस तरह की व्यवस्था की जाए। इसके पूर्व उन्होंने लेटे हनुमानजी का दर्शन पूजन किया और आरती भी उतारी। उनके साथ डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान भी रहे। बता दे कि तीन दिन बाद छह जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ ही माघ मेला आरंभ हो जाएगा। इससे पहले मुख्य सचिव तैयारियों को परखने के लिए पहुंचे। मुख्य सचिव के आगमन से पहले सोमवार को मेला प्रशासन दिन भर होमवर्क में जुटा रहा। मेलाधिकारी अरविंद चौहान ने वेंडरों के साथ शिविरों की बसावट की समीक्षा की। साथ ही



उन्होंने स्नान पर्व से पहले हर हाल में धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ ही संतों और तीर्थपुरोहितों के शिविरों को स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्य में सुस्ती और ढिलाई के लिए संबंधित विभागों को मैन पावर बढ़ाने की हिदायत दी। ताकि, काम समय से पूरा कराया जा सके। उधर, माघ मेले में कल्पवासियों के आने का सिलसिला जारी है। सेक्टर पांच में ओल्डजीटी के पास शिविर न लग पाने की वजह से सोमवार को पहुंचे तमाम कल्पवासी कड़ाके की ठंड में खुले आसमान में नीचे भटकते नजर आए। अभी गाटा मार्गों पर मेला बसाने की रफ्तार बेहद सुस्त है।

भूमि आवंटन के बाद भी गाटा मार्गों पर तीर्थपुरोहितों के शिविर नहीं लग सके हैं। काली मार्ग और तुलसी मार्ग की हालत सबसे खस्ता है। काली मार्ग पर चकर्ड प्लेटों की क्लेंपिंग क जगह खुली होने से हादसों कीआशंका बनी हुई है। इसी तरह विद्युतीकरण का भी हाल बुरा है। काली मार्ग और संगम मार्ग पर प्रत्येक एक खंभे को छोड़कर एलईडी लाइट लगाई गई है। इस वजह रात को इन मार्गों पर आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह तुलसी मार्ग पर रेलवे पुल के नीचे भी एलईडी न लगने से अंधेरा हो जा रहा है। समतलीकरण के लिए ट्रैक्टर न मिलने और दलदल पाटने के लिए बालू न मिलने से नाराज संतों ने सोमवार की सुबह सेक्टर-तीन के कार्यालय में जमकर हंगामा किया। खाक चौक के संतों ने सेक्टर के अधिकारियों, कर्मचारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई। माहौल गरम होने के बाद आनन-फानन में समतलीकरण कराने के लिए ट्रैक्टर भेजा गया , तब जाकर मामला शांत हो सका।

# क्रिप्टो करेंसी से मनी लॉन्ड्रिंग में डमी खातों का भी इस्तेमाल

### जाली आधार पर खुलवाए जाते थे खाते

**प्रयागराज।** क्रिप्टोकरेंसी के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के खेल में डमी बैंक खातों का भी इस्तेमाल होता था। यह खाते जाली आधार कार्ड के जरिये खुलवाए जाते थे। यह जाली आधार कार्ड कृष्णा अवतार सिंह खुद बनवाता था। जाली आधार कार्ड कहां और कैसे बनाए जाते थे, पुलिस इसका पता लगाने में भी जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जेल भेजे जाने से पहले पूछताछ में आरोपी ने कई अहम बातों का खुलासा किया। बताया कि ब्लैक मनी को व्हाइट में तब्दील करने के इस खेल के लिए डमी बैंक खाते भी खुलवाए जाते हैं। यह खाते जिन दस्तावेजों पर खुलवाए जाते थे, वह पूरी तरह से जाली होते



हैं। इसमें सबसे मुख्य आधार कार्ड है। फोटो मिक्सिंग सॉफ्टवेयर के जरिये यह जाली आधार कार्ड बनाए जाते हैं। इसमें नाम-पता वही रहता है जबकि फोटो संबंधित का लगा दिया जाता है। जाली दस्तावेजों पर खुले बैंक खातों के इस्तेमाल पुलिस से बचने के लिए किया जाता है।

पुलिस अफसरों ने बताया कि अचानक किसी खाते में ज्यादा लेनदेन होने पर वह बैंक के रडार पर आ जाता है। इस संबंध में बैंक खाताधारक को बुलाकर पूछताछ करती है और मामला संदिग्ध होने पर पुलिस को सूचना दी जाती है। अफसर बताते हैं कि ज्यादातर मामलों में बैंकों की ओर से इसका पालन नहीं किया जाता। दूसरी बात यह कि अगर सूचना दी भी गई तो फर्जी केवाईसी होने के चलते खाताधारक तक पहुंच पाना मुश्किल हो जाता है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी कृष्णा अवतार के कब्जे से भी एक जाली आधार कार्ड बरामद हुआ है। इसमें फोटो तो उसकी लगी है, लेकिन नाम जीशाना खान पुत्र शमीमउद्दीन निवासी पूरी मदानी, हेना गोल्ड बेकरी, बाजूपुर जीटीबी नगर लिखा हुआ है।

### भाकपा माले ने निकाय चुनाव पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर निकाला, मार्च

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के कराने के हाई कोर्ट के फैसले के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भाकपा ( माले) ने योगी सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में प्रतिवाद का आवाहन किया।इस आवाहन के तहत लखनऊ में माले कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक पर इकट्ठा होकर जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ मार्च किया। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे पार्टी के जिला प्रभारी का. रमेश सिंह सेंगर ने हाई कोर्ट के फैसले के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आर एस एस की विचारधारा पर काम करने वाली भाजपा तो मनुवाद में विश्वास करती है। इसलिए डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान की जगह मनु स्मृति को लागू करने पर आमादा है।

# बेसहारा 248 गोवंश किए गये संरक्षित, जिले में अब तक 3042 गोवंश संरक्षित

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में निराश्रित, बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए जिले में प्रयास तेज कर दिए गए हैं। हाल ही में क्रियाशील नौ गो आश्रय स्थलों में 248 गोवंश संरक्षित किए गए। इसी के साथ जिले में अब तक 3042 गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। कुछ अन्य स्थानों पर भी वृहद गो संरक्षण केंद्र का संचालन शीघ्र किया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल ने बताया कि विकास खंड मुरादाबाद, मूंढापांडे, डिलारी और भोजपुर में 150-200 गोवंश संरक्षण क्षमता वाले अस्थाई गो आश्रय स्थलों की स्थापना एक माह में की जाएगी। विकास खंड बिलारी के ग्राम हाजीपुर में निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्र का



संचालन भी इसी सप्ताह हो जाएगा। जिसमें 250-300 गोवंस संरक्षित किए जा सकेंगे। साथ ही किसानों की समस्या का भी समाधान किया जाएगा।उन्होंने बताया कि वर्तमान में निराश्रित गोवंश की समस्या के तत्काल निदान के लिए वर्तमान में क्रियाशील नौ गो आश्रय स्थलों में 248 गोवंश संरक्षित कर दिए गए हैं। जिनमें विकास खंड बिलारी में 26, कुंदरकी में 28, मूंढापांडे में 87, ठाकुरद्वारा में 06 और छजलैट में 101 गोवंश संरक्षित किए गए हैं।

# सात लोगों पर लगा गैंगस्टर, एसपी सिटी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एसपी सिटी के निर्देश पर सिविल लाइंस और कटघर पुलिस ने सात बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सभी बदमाशों का ब्यौरा जुटा रही है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने नयागांव अंबेडकरनगर निवासी मुकेश सागर, तौफीक और सचिन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वर्तमान में तीनों आरोपी जमानत पर छूटे हैं। पुलिस तीनों बदमाशों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। इसी प्रकार कटघर थाना प्रभारी राजेश सोलंकी ने गोपाल भवन निवासी अमन, पीतल नगरी निवासी विशाल, कृष्णा उर्फ किशन और राहुल के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सातों बदमाशों के खिलाफ लूट चोरी और अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# ट्रैक्टर ने इको गाड़ी में मारी टक्कर, चपेट में आने से पुलिस और पीआरडी जवान घायल

**उरई/जलौन।** जालौन में देर रात को रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने इको गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इको गाड़ी दूर जाकर गिरी, जिसकी चपेट में मंडी गेट पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस व पीआरडी के जवान आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख मटर बेचकर आ रहे किसान मौके पर पहुंचे, जिन्होंने घायल सिपाही व पीआरडी जवान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। साथ ही पुलिस को सूचना दी।

**घटना**

» ाटना को देख मटर बेचकर आ रहे किसान मौके पर पहुंचे

» जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना जालौन कोतवाली के नवीन गल्ला मंडी की है। देर रात को नवीन गल्ला मंडी गेट पर जालौन कोतवाली में तैनात सिपाही अभय द्विवेदी तथा पीआरडी जवान देवनारायण ड्यूटी कर रहे थे। देर रात को हरी मटर बेचने के बाद ट्रैक्टर लेकर आ रहे किसान ने एक इको गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इको गाड़ी गिरती हुई ड्यूटी पर तैनात सिपाही व पीआरडी जवान से जा टकराई, जिसकी चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर मंडी में मटर बेचने पहुंचे किसान आवाज की तरफ पहुंचे, जहां सिपाही व पीआरडी जवान को घायल देख पुलिस को सूचना दी। वहीं टक्कर मारने वाला चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने सिपाही व पीआरडी जवान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं चिकित्सकों ने सिपाही व जवान की हालत देखते हुए उपचार शुरू कर दिया, जिन्होंने हालत देखते हुए उन्हें उरई जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सूचना मिलते ही रेलवे के तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए

# प्रयागराज जंक्शन पर पटरी से उत्तरा काशी एक्सप्रेस का कोच, रेल संचालन पर नहीं पड़ा असर

**प्रयागराज।** गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस का एक कोच मंगलवार की सुबह पटरी से उतर गया। प्रयागराज जंक्शन पर सुबह 8ः30 बजे के पास यह वाकया हुआ। गनीमत रही कि इस घटना से प्रयागराज जंक्शन पर रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा ना ही किसी यात्री को कोई चोट लगी।

काशी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक से गोरखपुर के बीच चलती है। मंगलवार की सुबह तकरीबन 1 घंटे की देरी से ट्रेन जंक्शन 8:15 बजे के आसपास पहुंची थी। निर्धारित

**कामयाबी**

» पहिए के उतरते ही जंक्शन पर सायरन बजना शुरू हो गया

» ट्रेन में एक दूसरा कोच जोड़े जाने की कार्रवाई शुरू हुई

ठहराव के बाद ट्रेन जैसे ही गोरखपुर के लिए रवाना हुई तो प्लेटफार्म नंबर 9 पर इंजन के पीछे पावर वैगन जिसे जनरेटर कोच भी कहा जाता है उसके दो पहिए पटरी से उतर गए। पहिए के उतरते ही जंक्शन पर सायरन बजना शुरू हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे के तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ट्रेन के कोच को वापस पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू हुआ। 10ः00 बजे तक कुछ को पटरी पर चढ़ाया जा



चुका था। इसके बाद ट्रेन वापस पर प्लेटफार्म नंबर 9 पर ली गई और उसका पावर वैगन काटा गया। इसके बाद ट्रेन में एक दूसरा कोच जोड़े जाने की कार्रवाई शुरू हुई दोपहर 12ः00 बजे तक ट्रेन जंक्शन से रवाना नहीं हो सकी थी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि हादसे की वजह से रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। बता दें कि काशी एक्सप्रेस देश की लंबी दूरी की ट्रेनों में से एक है। यह तीन राज्यों से होकर गुजरती है। यह ट्रेन महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक से प्रारंभ होकर मध्य प्रदेश को पार करते हुए प्रयागराज जंक्शन होते हुए गोरखपुर तक जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता के दिव्यांग बेटे को ट्रक ने रौंदा

**सुल्तानपुर।** भदैंया क्षेत्र में हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राईसाइकिल सवार एक दिव्यांग को रौंद दिया। दिव्यांग की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त बाबूलाल निषाद (35) निवासी जगदीशपुर, कोतवाली देहात के रूप में की गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। बाबूलाल के पिता गुरुदीन निषाद भाजपा के भदैंया मंडल के महामंत्री हैं। बाबूलाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

### साइकिल सवार बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर, मौत

**सुल्तानपुर।** धम्मौर निवासी आनंद बहादुर सिंह (75) सोमवार को साइकिल से पशुओं के लिए चारा लेने खेत जा रहे थे। तभी रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार कार साइकिल को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल आनंद बहादुर को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

### पारा सात डिग्री पहुंचा, दिन भर कपकपाते रहे लोग

**उरई/जलौन।** भीषण सर्दी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है। मंगलवार को भी दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा। इससे लोग दिन भर सर्दी से कपकपाते रहे। घने कोहरे और बर्फीली हवाएं चलने से लगन बढ़ गई। सर्दी में सुबह घरों में लोग देर से बिस्तरों से बाहर आए। लोग घरों में ही अलाव तापते नजर आए। दोपहर एक बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। इसके बाद सूरज दिखा, लेकिन सर्दी से बचाव नहीं हो पाया। मौसम में हुए परिवर्तन के कारण तीन दिन से जिले में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। लोग गर्म कपड़े पहनकर, आग के सहारे सर्दी से बचाव करते नजर आए। धूप निकलने का इंतजार करते रहे, लेकिन धूप के दर्शन नहीं हुए। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी रही। लोग दिन में भी वाहनों के लाइट जलाकर चले। रोडवेज और आवागमन के अन्य साधन भी देरी से आए। उधर सर्दी के असर की वजह से गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ देखी गई। करमेर रोड स्थित तिब्बती गर्म कपड़े के मार्केट में भी भीड़ रही। झांसी कानपुर रेलमार्ग पर कोहरे के कारण ट्रेन यातायात प्रभावित रहा। लखनऊ झांसी इंटरसिटी एक्सप्रेस सोमवार की रात आठ घंटे देरी से आई। इसी तरह सोमवार को झांसी से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी भी चार घंटे देरी से उरई पहुंची। इसके अलावा मुंबई से प्रतापगढ़ जाने वाली उद्योगनगरी एक्सप्रेस एक घंटा ×8 मिनट, भोपाल से प्रतापगढ़ एक्सप्रेस एक घंटा 40 मिनट, मुंबई से लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, गोरखपुर मुंबई संत कबीर नगर एक्सप्रेस एक घंटे से अधिक देरी से आई। इसके चलते यात्रियों को परेशानी हुई।

### क्रेडिट कार्ड अफसर बनकर ठगे 2.9 लाख, साइबर टीम ने रुपए कराए वापस

**अलीगढ़।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसमें ठग लोगों को बैंक और क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर फोन करते हैं और फिर उन्हें विश्वास में लेकर लाखों की ठगी करते हैं। लोगों पर विश्वास जमाने के बाद आरोपी उनसे ओटीपी पूछते हैं, जिसके बाद खाते से लाखों रुपए गायब कर लेते हैं। ऐसे ही एक मामले में साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित का मुकदमा दर्ज करते हुए तत्काल कार्रवाई की और उसे 2.25 लाख रुपए वापस कराए हैं। आरोपियों ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से 2.29 लाख रुपए की ठगी की थी, जिसके बाद उसने मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी और पीड़ित को राहत दिलाई है। अलीगढ़ के कुंवर नगर कालोनी निवासी सतीश कुमार गोस्वामी के पास 28 दिसंबर को फोन आया था। आरोपियों ने उससे क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर बात की थी और फिर खाते और कार्ड से जुड़ी विभिन्न जानकारियां ले ली थी। पीड़ित उनके विश्वास में आकर उन्हें सारी जानकारियां देता गया, जिसके बाद आरोपियों ने बजाज फाइनेंस का लिंक देकर उसके खाते से 2,29,213 रुपए गायब कर लिए थे। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल साइबर थाने में सूचना दी थी और अपना मुकदमा दर्ज कराया था। अलीगढ़ परिक्षेत्र के साइबर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। इसीलिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने खाते से जुड़ी जानकारी, एकाउंट नंबर, पिन और ओटीपी जैसी जानकारी बिल्कुल भी न दें। अगर किसी के साथ धोखाधड़ी, खाते से रुपए गायब या इस तरह की ऑनलाइन ठगी होती है तो इसकी जानकारी तत्काल 1930 और साइबर क्राइम की आधिकारिक वेबसाइट ीजजचरूध्ध्बलइमतबतपउम.हवअ.पद पर जरूर दें। जिससे कि पुलिस आरोपियों के खिलाफतत्काल कार्रवाई कर सके।

### कालपी में 3 करोड़ 13 लाख से बनेगा बीजापुर मार्ग

**उरई/जलौन।** कालपी क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ाने के लिए उसर गांव राष्ट्रीय मार्ग से बीजापुर गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत तीन करोड़ 1× लाख की लागत से मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। इस मार्ग के निर्माण के बाद 20 से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाने से व्यापार के अवसर बढ़ जाएंगे। सरकार गांव से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में हर तरह के संसाधन जुटाने के लिए प्रयासरत है। जहां आवागमन के लिए अ`छे मार्ग नहीं थे, उन गांवों को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने के लिए जगह जगह सड़कों का निर्माण करा रही है। महेवा विकासखंड के ग्राम बीजापुर के लिए बनाया गया मार्ग बेकार हो चुका था। जबकि इस मार्ग से 20 से अधिक गांव के लोगों का आना जाना रहता है। ग्रामीणों की मांग पर तत्कालीन विधायक नरेंद्र सिंह जादौन के प्रयास पर इस मार्ग को पीएमजीएसवाई योजना में सम्मिलित किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वितीय के अधिशासी अभियंता रामकुमार ने बताया कि एमआरएल मार्ग नंबर 40 बीजापुर 7 किमी. लंबे मार्ग निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वित्त पोषित परियोजना में × करोड़ 1× लाख 16 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। विभाग से जिसके निर्माण का अनुबंध मेसर्स अतुल ग्राम विकास संस्थान प्राइवेट लिमिटेड झांसी ने लिया है, ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। इस मार्ग का निर्माण 16 अगस्त 202× तक पूरा किया जाना है। समय के भीतर निर्माण पूर्ण होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मार्ग के निर्माण से सरसेला, शाहजहांपुर, खैरई, सैदपुर, बीजापुर, कोहना, परा, टिकावली, नूरपुर, पीतमपुर आदि गांव सीधे राष्ट्रीय मार्ग से जुड़ जाएंगे। मार्ग बन जाने पर इस क्षेत्र के गांव के छोटे-बड़े व्यापारी आवागमन की सुविधा हो जाने पर प्रतिदिन नजदीकी शहरों में जाकर व्यवसाय कर सकेंगे। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वितीय रामकुमार ने बताया कि सड़क निर्माण का काम शुरू करा दिया गया है। मानक के अनुसार अभी काम कराया जा रहा है। तय समय में काम पूरा कराया जाएगा।

# दिनभर धूप को तरसे लोग, शाम होते बढ़ी ठिठुरन, बादलों में छिपा रहा सूरज

## सूरज बादलों के पीछे छिपा रहा और शहर में धुंध छायी रही



**संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में सर्दी का कहर लगातार जारी है और शीतलहर और पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाएं लगातार कहर बरपा रही हैं। मंगलवार का दिन सबसे ठंडा रहा और पूरे दिन लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। सूरज बादलों के पीछे छिपा रहा और शहर में धुंध छायी रही। धूप न निकलने के कारण दिन में भी ठिठुरन बनी रही और लोग आग और हीटर का सहारा लेते नजर आए। शाम होते-होते शीतलहर का प्रभाव और ज्यादा बढ़ गया, जिसके कारण लोग अपने घरों में ही दुबक गए। सर्दी अधिक होने के कारण लोग शाम को घर से बाहर निकलने में भी कतराते रहे। लगातार शीतलहर चलने और धूप न निकलने के कारण राजधानी का तापमान भी लगातार कम हो रहा है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान जहां 5 डिग्री सेलियस तक पहुंच गया, वहीं दूसरी ओर अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में लोग दिन में ही अलाव जलाकर आग तापते नजर आए। नगर निगम की ओर से भी जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे बेसहारा लोग और राहगीरों को ठंड में राहत दी जा सके।

सड़क में घूमने वाले आवारा पशुओं के लिए भी प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लगातार पड़ रही सर्दी के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य महकमें ने सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालें के लिए भी गाइडलाइन जारी की है। उन्हें अच्छी तरह से गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर सर्दी में बुजुर्गों को बाहर निकलने से बचना चाहिए। सीएमओ ने बताया कि सर्दी के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को होती है। इसलिए परिवार के लोग इनकी देखभाल करें और इन्हें घर से बाहर निकलने से बचाएं। घर को गर्म रखने के लिए जब भी आग और रूम हीटर का इस्तेमाल करें, इस दौरान यह सुनिश्चित रखें कि सारे दरवाजे खिड़कियां बंद न हो। जिससे हवा का आवागमन बना रहे।

### यूपी में जारी रहेगा कोहरे का कहर और सर्दी का सितम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में घना कोहरा और नश्तर सी चुभती बर्फीली हवाओं ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार कम से कम अगले 48 घंटों तक मौसम के तल्ख मिजाज में नरमी के कोई संकेत नहीं है।

समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा लखनऊ,कानपुर और आसपास के इलाकों में मंगलवार को सूर्य के दर्शन नहीं हुये वहीं गलन भरी सर्दी के बीच बर्फीली हवाओं से सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू के हालात बने रहे। लोगबाग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकले। ठंड के मद्देनजर लगभग सभी जिलों में आठवीं तक के स्कूलों को बंद कर दिया गया है जबकि 12वीं कक्षा तक के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुये कहा है कि कमजोर,बीमार,बुजुर्ग और बच्चे खास एहतियात बरतें। किसान शाम ढलने के बाद खेत जाने से परहेज करें। कम से कम पांच जनवरी तक मौसम के तेवर यूं ही तल्ख बने रहने का अनुमान है। ठंड के कारण विभिन्न स्थानो से मौतें होने की सूचना है मगर आधिकारिक तौर पर ठंड से कोई मौत नहीं हुयी है। ठंड के कारण आमजन ही नहीं पशु पक्षी भी सुरक्षित ठिकानों में दुबके हुये है जिससे गली कूचों में भी आमतौर पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## जेल में 200 से अधिक बंदियों ने मजदूरी कर कमाए रुपये, प्रशासन ने मांग पर पैसा भेजा घर

**बांदा।** जिले में अपने गुनाह की सजा काट रहे कैदियों ने जेल में मजदूरी कर अ`छी खासी रकम जुटाई है। यह रकम किसी ने बेटी की शादी तो किसी ने बेटे की पढ़ाई के लिए भेजी है। किसी ने बूढ़े पिता की दवा के लिए रुपये भेजे हैं। मंडल कारागार में 580 कैदी और ×22 बंदी हैं। इनमें 200 से अधिक जेल में ही मजदूरी करते हैं। इन्हें शासन की ओर से कुशल व अकुशल के मानक के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है। दहेज हत्या के जुर्म में पांच साल से जेल में बंद बदौसा की संगीता ने 55,255 रुपये जुटाए हैं। अब उसका स्थानांतरण चित्रकूट जेल हो गया है। जेल प्रशासन ने यह पारिश्रमिक चेक के माध्यम से उसके घर भेजा है। इसी तरह हत्या के जुर्म में 20 साल की सजा काट रहे बबेरू के श्रीलाल ने जेल में मजदूरी कर ×2 हजार रुपये जुटाए हैं। उन्होंने बेटे की पढ़ाई को जारी रखने के लिए यह पैसा घर भेजा है। इसी प्रकार हत्या के जुर्म में बंद गोरेलाल ने घर में बूढ़े और बीमार माता पिता के इलाज व दवा के लिए 44,858 रुपये कमाए हैं। जेल में मजदूरी करने वाले कुशल मजदूर को 40 रुपये व अकुशल को ×0 और अकुशल महिला को 25 रुपये रोजाना की मजदूरी दी जाती है।

### यूपी महोत्सव में कोंच के पारसमणि का सम्मान

**उरई/जलौन।** कोविड जैसे विपरीत हालात और संसाधनों के अभाव के बावजूद कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करके चर्चा में आए पारसमणि का यूपी महोत्सव लखनऊ में सम्मान किया गया। फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से कोंच जैसे छोटे नगर को एक नई पहचान देने और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए पारसमणि की सराहना की गई। लखनऊ में अलीगंज के पोस्टल ग्राउंड में चल रहे यूपी महोत्सव में प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लोगों को सम्मानित किया गया है।

## आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**सुल्तानपुर।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। डाकखाना स्थित आम आदमी पार्टी के शिविर कार्यालय पर पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ वार्डों के संभावित प्रत्याशी एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष महमूद खान ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने जान-बूझकर आरक्षण में गड़बड़ी की है। जिला महासचिव राम विलास तिवारी ने कहा कि सरकार ने सांविधानिक




प्रक्रिया का पालन करते हुए निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण लागू नहीं किया तो आम आदमी पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। जिला निकाय चुनाव प्रभारी अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से पिछड़ों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है। सीवाईएसएस के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे ने कहा कि सरकार जान-बूझ कर आरक्षण समाप्त करने की साजिश कर रही है।

## होटल प्रबंधकों ने नहीं लेने दिए पर्यटकों के नमूने, कोविड जांच को पहुंची थी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**आगरा।** आगरा में तीन बड़े होटलों के प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को कोरोना वायरस की जांच के लिए कर्मचारियों और पर्यटकों के नमूने नहीं लेने दिए। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी शिकायत डीएम से की है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना के मरीज मिलने के बाद सोमवार से होटलों में नमूने लेने का अभियान शुरू किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम फतेहाबाद रोड स्थित एक बड़े होटल में कर्मचारियों और पर्यटकों के नमूने लेने के लिए पहुंची।



होटल के प्रबंधन ने टीम को कर्मचारी और पर्यटकों के नमूने नहीं लेने दिए हैं। पास एक एक अन्य होटल में टीम ने दो पर्यटकों के नमूने लेने दिए, लेकिन मौके पर मिले 14 कर्मचारियों के नमूने लेने से रोक दिया। तीसरे बड़े होटल में टीम ने कोरोना वायरस की जांच करने के लिए सात कर्मचारियों के नमूने लिए, लेकिन यहां ठहरे पर्यटकों के नमूने नहीं लेने दिए। होटल प्रबंधन को कोरोना वायरस से निपटने के लिए सहयोग करने के बारे में कहा था, लेकिन ऐसा नहीं किया।

790 नमूनों की जांच रिपोर्ट निगेटिव स्वास्थ्य विभाग ने विदेशी पर्यटकों समेत 790 लोगों के नमूनों की जांच कराई है। सभी की रिपोर्ट निगेटिव है। ये नमूने ताजमहल, आगरा कैंट स्टेशन व अन्य केंद्रों से जुटाए गए थे। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को 790 नमूनों की रिपोर्ट आई है। इनमें कोई भी कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। टीम ने ताजमहल से 250 से अधिक विदेशी पर्यटक समेत एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल समेत अन्य केंद्रों से नमूने लिए थे।

### बिजली कटौती से दिनभर परेशान रहे शहर के लोग

**सुल्तानपुर।** डाकखाना उपकेंद्र के फीडरों को दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को लिए गए 10 घंटे के शटडाउन से शहर के प्रमुख क्षेत्रों की व्यवस्था चरमरा गई। दिन भर की बिजली कटौती का असर तकरीबन हर सेक्टर पर पड़ा। कई मोहल्लों में जलापूर्ति बाधित रहने से सैकड़ों लोग परेशान हुए। बिजली के अभाव में निजी पैथोलॉजी में कई जांचें नहीं हो सकीं। सरकारी कार्यालयों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कई काम प्रभावित हुए। कई जगहों पर जरूरी कार्यों के लिए जनरेटर चलाए गए। शहर के सभी प्रमुख मोहल्लों की बिजली सुबह आठ बजे से ठप हो गई। इससे शहर के निजी पैथोलॉजी पर मरीजों की कई जांचें प्रभावित हो गईं। बिजली के अभाव में एक्सरे का कार्य तकरीबन बंद रहा। जनरेटर से एक्सरे की क्वालिटी कम ठीक आने की वजह से संचालकों ने काम को रोके रखा।

## युवक के शव को घंटों रौंदते रहे वाहन, हाईवे पर चिपक गईं हड्डियां

**आगरा।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के कीठम झील के सामने कोहरे में युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद शव को घंटों तेज रफ्तार वाहन रौंदते रहे। सुबह सात बजे सूचना पर पुलिस पहुंची तो खून और बचे-खुचे मांस इधर-उधर फैले थे, हड्डियां और कपड़े सड़क पर चिपक गए थे। बमुश्किल हड्डियों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम गृह भेजा गया। जिसने भी शव की स्थिति देखे उसके रोंगटे खड़े हो गए। कपड़ों में मिले आधार कार्ड के आधार पर पहचान कर परिजन को हादसे की सूचना दी गई। थाना सिकंदरा के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि सुबह सात बजे सूचना मिली कि कीठम झील वाले रास्ते पर एक शव पड़ा है। पुलिस पहुंची तो शव क्षत-विक्षत हो चुका था। मृतक के कपड़े और हड्डियां ही रह गई थीं। पहचान तो दूर शरीर के अंग भी नहीं मिल पा रहे थे। ऐसे में किसी तरह सड़क से शव के टुकड़ों को उठाया गया। बाद में कपड़ों में आधार कार्ड मिला। इससे उसकी पहचान भिंड, मध्य प्रदेश निवासी गौरव (30) के रूप में हुई। सूचना पर दोपहर में परिजन आगरा आ पहुंचे। थाना सिकंदरा में मृतक के पिता गंगा चरन सहित अन्य परिजन आए। उन्होंने पुलिस को बताया कि गौरव तीन महीने पहले बल्लभगढ़ में एक कार कंपनी में नौकरी करता था। किसी कारण नौकरी छूट गई। तब से घर में ही रह रहा था। एक सप्ताह पहले घर से निकला था, बताया था कि वह वैष्णो देवी मंदिर घूमने जा रहा है। वहां जाकर फोन पर बात भी की थी। कुछ दिन में घर आने और कई बार फोन पर बात भी की। कभी दिल्ली तो कभी आगरा बताया था।

## युवक की गोली मारकर हत्या, दोस्त पर लगा आरोप

**आगरा।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव भाहई में सोमवार शाम को जेसीबी चालक गजेंद्र (20) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। करीब दो घंटे बाद परिजन ने पुलिस को सूचना दी। थाना मलपुरा पुलिस ने मृतक के दोस्त को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। हत्या का कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



डीसीपी पश्चिमी जोन सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि रात लगभग 9:15 बजे यूपी-112 नंबर पर सूचना मिली कि भाहई गांव में गजेंद्र पुत्र गोपाल सिंह की हत्या कर दी गई है। इस पर थाना मलपुरा पुलिस पहुंच गई। गजेंद्र का शव बाड़े के पास पड़ा था। सीने में गोली मारी गई थी। बाड़ा उसके दोस्त विमल का है। परिजन ने विमल पर हत्या का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने विमल को गिरफ्तार कर लिया। उससे तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने विमल से पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि गोली अचानक चल गई। उधर, गजेंद्र के परिजन ने बताया कि गजेंद्र और विमल बचपन के दोस्त हैं। रोजाना साथ घूमते थे। शाम को 7 बजे विमल आया था। दोनों निकले थे, करीब डेढ़ घंटे बाद सूचना मिली कि बेटे को गोली मार दी गई है। पहुंचे तो विमल के बाड़े में शव पड़ा था। विमल ने उसे गोली मार दी। गजेंद्र को अस्पताल भी नहीं ले जा सके। गांव में कोई भी घटना के बारे में कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कड़ाके की सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सुल्तानपुर।** शीतलहर ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार दूसरे दिन सोमवार को धूप नहीं निकली। दिनभर धुंध छाई रही। दृश्यता कम होने से सड़क व रेल यातायात की गति धीमी पड़ गई है। वहीं, भीषण ठंड के चलते लोग घरों में दुबकने को विवश हुए। मौसम विभाग के मुताबिक अभी शीतलहर से राहत नहीं मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 14 व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में कई दिन से कड़ाके की ठंड हो रही है। दो-तीन दिन से सर्दी और बढ़ने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सोमवार सुबह भी कोहरे और कड़ाके की सर्दी का सितम जारी रहा। इससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी। सुबह कोहरा छाए रहने से लोगों ने वाहन की हेडलाइट जलाकर सफर तय किया।

## एएमयू ने कर्मचारियों की सेवाएं बढ़ाई, अस्थाई कर्मचारियों ने किया था प्रशासनिक भवन का घेराव

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में काम करने वाले अस्थाई कर्मचारियों की सेवाएं बढ़ा दी गई हैं। यूनिवर्सिटी ने इसके लिए आदेश जारी कर दिए हैं और कर्मचारियों को दिसंबर 2022 तक का वेतन जारी करने के आदेश हुए हैं। कर्मचारियों को फिलहाल 6 महीने ही राहत ही मिली है और उनकी सेवाएं जून 2023 तक बढ़ाई गई हैं।कांट्रैक्ट रिनीवल न होने से नाराज यूनिवर्सिटी के अस्थाई कर्मचारियों ने शुक्रवार और शनिवार को एएमयू के प्रशासनिक भवन का घेराव किया। सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी प्रशासनिक भवन पहुंचे और इंतजामिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद इंतजामिया के हाथ पांव फूल गए थे और पीएसी



तैनात कर दी गई थी। प्रशासनिक भवन के बाहर घंटों तक हंगामा और नारेबाजी के बाद वीसी प्रो. तारीक मंसूर ने कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत की थी। जिसके बाद उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि जल्दी ही उन्हें राहत दी जाएगी। जिसके बाद अब यूनिवर्सिटी ने 6 महीने का करार बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। एएमयू में लगभग लगभग 8000 का नॉन टीचिंग स्टाफ है। इसमें ज्यादातर अस्थाई कर्मचारी हैं, जिनसे कांट्रैक्ट बेस पर काम कराया जाता है। हर साल इनके करार रिनीवल किए जाते हैं। इन कर्मचारियों को 14 हजार से लेकर 60 हजार रुपए तक वेतन मिल रहा है और कर्मचारी 20-20 साल से नौकरी कर रहे हैं। इन कर्मचारियों में लगभग 1600 कर्मचारी ऐसे थे।

# आगरा के पुलों की होगी मरम्मत, ताजमहल के पार्श्व में यमुना भी दिखेगी लबालब

## मंडलायुक्त सभागार में उन्होंने जी-20 प्रतिनिधियों के आगमन को लेकर हो रहीं तैयारियों की समीक्षा की

**आगरा।** जी-20 देशों के प्रतिनिधिमंडल के लिए आगरा के खेरिया हवाई अड्डे के रास्ते में पड़ने वाले ईदगाह रेलवे पुल और यमुना पर बने आंबेडकर पुल की मरम्मत होगी। यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। ताकि ताजमहल से पार्श्व में देखने पर यमुना लबालब दिखाई दे। यह निर्देश सोमवार को लखनऊ से आगरा आए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने दिए हैं। मंडलायुक्त सभागार में उन्होंने जी-20 प्रतिनिधियों के आगमन को लेकर हो रहीं तैयारियों की समीक्षा की।

फतेहाबाद रोड पर लोक निर्माण विभाग और मेट्रो के कार्यों की धीमी रफ्तार पर प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को फटकार लगाई। कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। जी-20 देशों का प्रतिनिधिमंडल पहले 9 व 10 फरवरी को आगरा आना था, लेकिन अब यह 11 से 13 फरवरी तक शहर में रहेगा।



प्रतिनिधिमंडल जिन मार्गों से गुजरेगा उन मार्गों की दुकानों व बाजारों पर एक रंग व साइज के बोर्ड टंगे होंगे। जिसका डिजाइन नगर निगम तय करेगा। चौराहों व फुटपाथ का सुंदरीकरण होगा। तीन शिफ्ट में काम शहर को संजाने व संवारने का काम होगा। इसके लिए रूट डायवर्जन किया जाएगा। प्रत्येक विभाग का एक माइक्रो प्लान बनेगा। जबकि पूरे शहर की एक डीपीआर बनेगी। बैठक में विशेष सचिव धर्मेंद्र सिंह और मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कहा जी-20 देशों के प्रीतिनिधिमंडल के आगमन में आमजन को सहभागी बनाया जाए। इसके लिए स्कूल, कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं, मैराथन आयोजित हों। स्वागत में पुष्पवर्षा के स्थल चिह्नित किए जाएंगे।

नगर निगम, विकास प्राधिकरण, पर्यटन, संस्कृति विभाग, लोक निर्माण, सेतु निगम, छावनी परिषद, उद्यान विभाग, पुलिस व प्रशासन को जी-20 प्रतिनिधिमंडल की तैयारियों के लिए जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में डीएम नवनीत सिंह चहल, पुलिस आयुक्त डॉ. प्रीतिंदर सिंह, एडीए प्रोटोकॉल हिमांशु गौतम, एडीए सिटी अंजनी कुमार, नगरायुक्त निखिल टीकाराम फुंडे, एडीए सचिव गरिमा सिंह की उपस्थिति रही।

जी-20 देशों का प्रतिनिधिमंडल आगरा से पहले कोलकाता और उदयपुर जाएगा। कोलकाता और उदयपुर में जिस तरह की तैयारियां व व्यवस्थाएं होंगी उसी तर्ज पर आगरा को संवारा जाएगा। इसके लिए प्रमुख सचिव ने विभिन्न विभागों के समन्वय से एक टीम कोलकाता और उदयपुर भेजने के निर्देश दिए हैं।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकताः सुप्रीम कोर्ट

» नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता

» आजम खान के बयान से जुड़े एक मामले की सुनवाई के बाद बहुमत का फैसला सुनाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि किसी नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता।

न्यायमूर्ति एस. ए. नज़ीर, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरथ्ना की संविधान पीठ ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 2016 के सामूहिक बलात्कार के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के बयान से जुड़े एक मामले की सुनवाई के बाद बहुमत का फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति नागरथ्ना ने बहुमत के फैसले से अलग मत रखते हुए अलग फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति रामासुब्रमण्यन ने बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत उल्लिखित अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत बोलने की स्वतंत्रता के खिलाफ कोई अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि मंत्री स्वयं बयान के लिए उत्तरदायी है। एक मंत्री के बयान को सरकार के लिए वैकल्पिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।



न्यायमूर्ति नागरथ्ना ने अपने अलग फैसले में कहा कि अभद्र भाषा समानता और बंधुत्व की जड़ पर प्रहार करती है। साथ ही यह भी कहा कि मौलिक कर्तव्यों का उपयोग अपमानजनक भाषणों की जांच करने और नागरिकों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति नागरत्थना ने कहा,÷यह राजनीतिक दलों के लिए है कि वे अपने मंत्रियों द्वारा दिए गए भाषणों को नियंत्रित करें। यह एक आचार संहिता बनाकर किया जा सकता है। कोई भी नागरिक जो इस तरह के भाषणों या सार्वजनिक पदाधिकारी के अभद्र भाषा से आहत महसूस करता है, वह नागरिक उपचार के लिए अदालत दरवाजा खटखटा सकता है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ जुलाई, 2016 में बुलंदशहर के पास एक राजमार्ग पर कथित रूप से सामूहिक बलात्कार के मामले को दिल्ली स्थानांतरित करने और आजम खान को अपने विवादास्पद बयान पर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई थी। श्री खान ने हालांकि, सामूहिक बलात्कार मामले में पीड़िता मां-बेटी के इरादों को जिम्मेदार ठहराने वाले अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी। इस मामले में शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने पांच अक्टूबर, 2017 को मामले को संविधान पीठ को विभिन्न पहलुओं पर निर्णय लेने के लिए भेजा था। तीन न्यायाधीशों की पीठ के फैसले में विचार के लिए भेजे गए पहलुओं में यह भी शामिल था कि क्या कोई सार्वजनिक पदाधिकारी या मंत्री संवेदनशील मामलों में विचार व्यक्त करते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दावा कर सकता है, जिस मामले की जांच चल रही है।


## मैक्सिको जेल में हुए हमले में मरने वालों की संख्या 17 हुयी

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको में उत्तरी चिहुआहुआ राज्य के सीमावर्ती शहर सियुडाड जुआरेज़ में स्थित एक जेल पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या 17 हो गयी है, जिसमें 10 सुरक्षागार्ड शामिल हैं। राज्य अभियोजक का कार्यालय ने यह जानकारी दी है। कार्यालाय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हमले के दौरान कुल 27 कैदी जेल फरार हो गए। इस हमले में 13 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 10 कैदी तथा तीन अधिकारी हैं। मध्यम-सुरक्षा केंद्र फॉर सोशल रिइंसर्शन नंबर 3 पर हमला रविवार सुबह तड़के हुआ। इस दौरान बख्तरबंद वाहनों में आए सशस्त्र संदिग्धों ने जेल में सुरक्षा गार्डों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। मैक्सिको के रक्षा मंत्री लुइस क्रेसेन्सियो सैंडोवाल ने कहा कि हमले के बाद जेल की तलाशी में 10 ÷लक्जरी सेल÷, हथियार, ड्रग्स और 10.70 लाख से अधिक पेसोस (लगभग 87,000 अमेरिकी डॉलर) एक तिजोरी में रखे मिले। उन्होंने कहा कि जेल पर धावा बोलने वाले हमलावर लॉस मैक्सिकल्स नामक एक आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं, जिसका काबोर्का कार्टेल से संबंध है। भागने वालों में उनके नेता अर्नेस्टो अल्फ्रेडो पिनोन शामिल हैं।

# मलेशिया में कोरोना के 360 नए मामले

**एजेंसी**

**कुलालम्पुर।** मलेशिया में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 संक्रमण के 360 नए मामले सामने आए हैं, जिससे कुल मामले बढ़कर 50,27,457 हो गए हैं। स्वास्थ मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेश से आए हुए यात्रियों में से एक कोरोना संक्रमित यात्री है, जिससे अब संक्रमित मामले बढ़कर 359 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना महामारी से 423 मरीज स्वस्थ होने से अब इनकी संख्या बढ़कर 4,978,792 हो गयी है और इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर



36,858 हो गई है।

मंत्रालय ने बताया कि देश भर में करीब 11,807 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से 30 को गहन देखभाल में रखा गया है और 16 मरीजों को सांस लेने में परेशानी होने के कारण ऑक्सीजन दी जा रही है।

जारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को कुल 2,919 आबादी को डोज लगायी गयी और कम से कम 86.1 प्रतिशत आबादी को पहली डोज दी गयी है जबकि करीब 84.3 प्रतिशत आबादी को दोनों डोज दी चुकी हैं और 49.9 प्रतिशत ने पहला बूस्टर प्राप्त किया है जबकि 2.0 प्रतिशत ने दूसरा बूस्टर प्राप्त किया है।

### यूरोपीय संघ ने चीन को कोविड टीके मुफ्त देने की पेशकश की

**मास्को।** यूरोपीय संघ ने कोविड-19 प्रसार को रोकने के लिए चीन को मुफ्त में डोज उपलब्ध कराने की पेशकश की है, क्योंकि बीजिंग शहर अब लंबे लॉकडाउन को हटाने की तैयारी में है।

यहां के स्थानीय समाचार पत्र द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

चीन ने दिसंबर में घोषणा की कि वह कोविड-19 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन और सभी नियमों को वापस ले रहा है।

### नाटो की सैन्य समिति की बैठक 18-19 जनवरी को

**मास्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने कहा है कि वह 18 से 19 जनवरी तक सैन्य प्रमुखों की बैठक आयोजित करेगा, जिसमें यूक्रेन और गुट की सैन्य क्षमताओं पर चर्चा की जाएगी। नाटो ने कहा कि इस बैठक के पहले सत्र में नाटो महासचिव जेन स्टोलटेनबर्ग शामिल होंगे। नाटो ने कहा, ÷नाटो की सर्वोच्च सैन्य प्राधिकरण सैन्य समिति, 18-19 जनवरी 2023 को ब्रुसेल्स, बेल्जियम में बैठक करेगी।

## कंझावला मामले में आरोपियों को बचाने वाले पुलिस अधिकारी हो बर्खास्त : आप

**कंझावला मामले के आरोपी के भारतीय जनता पार्टी नेता होने की वजह से उप राज्यपाल और दिल्ली पुलिस उसे बचाने में जुटे**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक दल ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिलकर कंझावला की घटना में आरोपियों को बचाने वाले पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की है।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि कंझावला मामले के आरोपी के भारतीय जनता पार्टी नेता होने की वजह से उप राज्यपाल और



दिल्ली पुलिस उसे बचाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के पास मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के काम रोकने के लिए 24 घंटे हैं लेकिन दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए दिन में एक मिनट भी नहीं हैं। दिल्ली के लोगों को चिंता है कि उनके घर की महिलाएं-बेटियां अपने घरों से बाहर कैसे निकलें।

विधायक आतिशी ने कहा कि उनकी मांगे सुनने के बाद पुलिस आयुक्त ने कहा है कि वह अभी अपनी जांच कर रहे हैं। इसमें जो भी पुलिस अधिकारी लापरवाही के दोषी पाए जाएंगे या जिन्होंने अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं निभाई है और आरोपियों का जिन्होंने बचाव किया है, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि पुलिस आयुक्त की यह खोखले शब्द नहीं है।

विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार की

### यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी हुई

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के किरोवोह्राद, निकोलायेव, खार्किव और निप्रॉपेट्रोस क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के ऑनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार यूक्रेन नियंत्रित खेरसॉन और ज़ापोरिज़्ज़िया हवाई हमले के सायरन भी बजने लगे। उल्लेखनीय है कि रूस के क्रीमियन ब्रिज पर यूक्रेन के हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर, 2022 को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू किया था।

## ब्लंडेल, हेनरी के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को 449 तक पहुंचाया

**एजेंसी**

**कराची।** टॉम ब्लंडेल (51) और मैट हेनरी (68 नाबाद) के अर्द्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में मंगलवार को 449 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। ब्लंडेल और हेनरी के अलावा अजाज़ पटेल ने 35 रन का योगदान दिया, जबकि पाकिस्तान के लिये अबरार अहमद ने चार और आगा सलमान एवं नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 309/6 के स्कोर से करते हुए बिना रन जोड़े ईश सोढ़ी (11) का विकेट गंवा दिया। न्यूजीलैंड ऑलआउट होने की कगार पर थी लेकिन ब्लंडेल, हेनरी और पटेल की पारियों ने पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ाने का काम किया। ब्लंडेल ने अपने करियर का आठवां अर्द्धशतक जड़ते हुए कप्तान टिम साउदी के साथ 31 रन जोड़े। ब्लंडेल ने 108 गेंदों पर छह चौकों के साथ 51 रन बनाये जबकि साउदी ने 10 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों को अबरार ने



आउट किया। इसके बाद हेनरी ने पटेल के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिये 104 रन की विशाल साझेदारी की। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 10वें विकेट के लिये 27वीं शतकीय साझेदारी है। हेनरी-पटेल के बीच 25 ओवर तक चली इस साझेदारी ने न्यूजीलैंड को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने के साथ-साथ पाकिस्तानी खिलाड़ियों को थकाने का भी काम किया। हेनरी ने 81 गेंदों की नाबाद पारी में आठ चौकों और दो छक्कों के साथ 68 रन बनाये, जबकि पटेल ने अबरार का शिकार होने से पहले 78 गेंदों पर चार चौकों के साथ 35 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक लगाया है। कराची के नेशनल स्टेडियम में मंगलवार (दो जनवरी) को दोनों टीमों के बीच दो मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला शुरू हुआ। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कीवी टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 309 रन बना लिए। कॉन्वे की शतकीय पारी के अलावा ओपनर टॉम लाथम ने अर्धशतकीय पारी खेली।

## फुटबॉल खिलाड़ी का मैच के दौरान कार्डियक अरेस्ट, अस्पताल में भर्ती



**एजेंसी**

**सिनसिनाटी।** अमेरिका के फुटबॉल खिलाड़ी डमार हैमलिन की हृदय गति बीच मैच के दौरान रुकने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है। अमेरिकी नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) में बफैलो बुल्स के 24 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को सिनसिनाटी बेंगॉल्स के खिलाफ मैच के दौरान विपक्षी खिलाड़ी से टकराकर जमीन पर गिर गये। हैमलिन को 30 मिनट तक मैदान पर ही चिकित्सीय मदद प्रदान की गयी, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। एनएफएल ने एक घंटे के अंतराल के बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया। बफैलो बुल्स ने एक बयान जारी कर हैमलिन की हृदय गति रुकने की पुष्टि की। साथ ही बयान में कहा गया कि उनके दिल ने मैदान पर ही धड़कना शुरू कर दिया था। हैमलिन के प्रतिनिधि जॉर्डन रूनी ने ट्विटर पर लिखा, ÷उसके दिल ने सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने (डॉक्टरों) उसके गले के नीचे एक श्वास नली डालने के लिये उसे सुला दिया है। वे फिलहाल जांच कर रहे हैं। हम अग्रिम सूचना मिलते ही आप सभी तक पहुंचाते रहेंगे। चोट के कारण एनएफएल खेलों को शायद ही कभी निलंबित किया जाता है। मैच में कमेंटेटरों ने बताया कि मैच का रद्द होना इस दुर्घटना की गंभीरता को दर्शाता है।

# हिंदुजा समूह के लिए एशिया-पेसिफिक रीजन से होगी विकास की शुरुआत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग से लेकर ऑटोमोबाइल तक के विविध हितों के साथ एक सदी पुराना भारतीय बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा समूह वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को परेशान करने वाली मंदी की आशंकाओं को दूर करने के लिए 'थिंक ग्लोबल, एक्ट ग्लोबल' की सोच के आधार पर काम करना जारी रखेगा। 2023 में हिंदुजा समूह एशिया-पेसिफिक रीजन के संयुक्त अरब अमीरात से विकास की शुरुआत करेगा और इसके बाद अफ्रीका विकास का अगला मोर्चा होगा।

हिंदुजा समूह के सह अध्यक्ष गोपीचंद पी हिंदुजा ने कहा, ''हमारा समूह, जो 108 वर्ष से अधिक पुराना है, उसने मंदी के कई चक्रों को सफलतापूर्वक देखा और उनसे पार पाया है। ऐतिहासिक रूप से, भारत हमारे लिए एक फोकस क्षेत्र रहा है और रहेगा। दूसरी तरफ यूएई के नए सुधारों और नीतिगत घोषणाओं के साथ, नई 'कैपिटल ऑफ ग्लोबल वेल्थ' का निर्माण भी अब हमारे सामने स्पष्ट है। हमारे संस्थापक सिद्धांत 'थिंक ग्लोबल, एक्ट ग्लोबल' के अनुरूप हमने संयुक्त अरब अमीरात में अच्छी



तरह से निवेश किया है। हमारा मानना है कि एशिया-पीएसी क्षेत्र, विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात से जुड़ा, विकास का अगला मोर्चा होगा, जिसके बाद अफ्रीका का नंबर आएगा।''हिंदुजा समूह विकास के अपने क्षेत्रों को चुनने में बेहद सतर्क रहा है और वर्तमान में यह समूह खुदरा/उपभोक्ता बैंकिंग, ग्रीन मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना जारी रखेगा। श्री हिंदुजा ने कहा, ''हिंदुजा समूह खुदरा/उपभोक्ता बैंकिंग व्यवसाय में निवेश करना जारी रखेगा। हमारे कई ग्रोथ इंजन - उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन मोबिलिटी - स्थिर खपत वाले क्षेत्रों से जुड़े हैं और समय-समय पर इन्होंने फ्लेक्सिबिलिटी का प्रदर्शन किया है। हम हमेशा बाजार के रुख के साथ और आगे रहे हैं, चाहे वह संचार क्रांति हो, आईटी क्रांति हो, और अब, डिजिटल क्रांति हो। हमारे पास विभिन्न व्यवसायों के लिए दीर्घकालिक रणनीतियाँ हैं।''अशोक लेलैंड ईवी रणनीति में निवेश करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा ''ईवी में परिवर्तन की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, विशेष रूप से दोपहिया/तिपहिया सेगमेंट में जहां हम मौजूद नहीं हैं। बस और हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बात करें, तो इनमें रफ्तार और तेज होगी।

# देश-विदेश डायरी

### ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को ब्रिटेन करेगा आतंकवादी समूह घोषित

**लंदन।** ब्रिटेन आधिकारिक रूप से ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के सिलसिले में ब्रिटेन से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार करने के कारण आतंकवादी समूह घोषित करेगा। टेलीग्राफ ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि इस कदम की घोषणा इस सप्ताह में कर दी जाएगी, जिसे ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम तुगेंदत और गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन का समर्थन प्राप्त है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी घोषित करने के बाद अगर इस शाखा की बैठकों में भाग लेने वाले और सार्वजनिक रूप से उसका लोगो रखने वाले को आपराधिक माना जाएगा। ब्रिटेन गृह विभाग ने टेलीग्राफ रिपोर्ट पर टिप्पणी के अनुरोध का तत्काल जवाब नहीं दिया। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के सिलसिले में ब्रिटेन से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने 22 वर्षीय कुर्द ईरानी महसा अमिनी की मौत के बाद देश को हिलाकर रख दिया है। महसा ने महिलाओं के लिए इस्लामिक ड्रेस कोड कानून के तहत 'अनुचित पोशाक' पहनने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

### अमेरिका में कैपिटल हिल जैसा फिर हो सकता है हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैपिटल पुलिस के प्रमुख थॉमस मंगर ने चेतावनी जारी की है कि 06 जनवरी, 2021 को हुए कैपिटल हमले की तरह फिर से दंगे हो सकते हैं। श्री मंगर ने एक बयान में कहा कि हमारे देश की ध्रुवीकृत स्थिति के कारण 06 जनवरी, 2021 को हुए हमले जैसा फिर प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ घटना होती है तो उसे विफल करने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

### संयुक्त परमाणु अभ्यास पर द. कोरिया से चर्चा नहीं कर रहा है अमेरिकाः बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अमेरिका दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री सुक-योल ने द चोसुन इल्बो अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा था कि द. कोरिया उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी परमाणु बलों की भागीदारी के साथ संयुक्त रूप से योजना बनाने और अभ्यास करने के लिए अमेरिका से बातचीत कर रहा है। वहीं, द. कोरिया के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में श्री बाइडेन ने कहा कि नहीं।

### उ. कोरिया बना सकता है 20 से 60 परमाणु हथियार

**सोल।** उत्तर कोरिया 20 से 60 परमाणु हथियार बना सकता है। दक्षिण कोरिया की मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरियाई प्रायद्वीप में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है क्योंकि उ. कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले सप्ताह एक त्वरित परमाणु जवाबी हमले के लिए एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को विकसित करने का आदेश दिया था। उन्होंने देश के निपटान में परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। समाचार एजेंसी ने अमेरिकी इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईएनएसएस), स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) और जापानी रिसर्च सेंटर फॉर न्यूक्लियर वेपन्स एबोलिशन (आरईसीएनए) सहित विशेष पश्चिमी विश्वविद्यालयों द्वारा 2022 में प्रकाशित आंकड़ों का विश्लेषण किया। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी देशों के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि उ. कोरिया के पास सितंबर तक करीब 20-30 परमाणु हथियार थे, लेकिन आईएनएसएस ने नोट किया कि नवंबर में इनकी संख्या बढ़कर 60 हो सकती है। वहीं, एसआईपीआरआई का मानना है कि उ. कोरिया के पास 45-55 परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम- 235 और प्लूटोनियम -239 नामक सामग्री पर्याप्त मात्रा में है।

### विश्व कप 2023 में खेलना चाहते हैं बोल्ट

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने भारत में इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अपने देश के लिये खेलने की मंशा जाहिर की है। ऑस्ट्रेलियाई अखबार %द एज% ने बोल्ट के हवाले से मंगलवार को कहा, मैं एक और बार कोशिश करने के लिये वहां (भारत) होना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि ऐसा हो सकेगा। वह अभी भी काफी दूर है। गौरतलब है कि बोल्ट ने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और घरेलू टी20 लीगों में खेलने के लिये अगस्त 2022 में न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया था। नवंबर 2022 में हुए भारत के न्यूजीलैंड दौरे पर बोल्ट टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने इसी माह होने वाले न्यूजीलैंड के भारत दौरे से भी बाहर रहने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैंने न्यूजीलैंड क्रिकेट की गर्मियों के सबसे व्यस्त समय में दो अन्य लीगों में जाने का विकल्प चुना है। मैं समझ सकता हूं कि मेरा अनुबंध वापस देने का फैसला दूसरे लोगों के लिए दरवाजे खोल देगा। न्यूजीलैंड को विश्व कप 2019 के रोमांचक और अविस्मरणीय फाइनल में इंग्लैंड के हाथों सुपर ओवर में बाउंड्री के आधार पर शिकस्त मिली थी। इसके बाद हालांकि न्यूजीलैंड ने विश्व क्रिकेट में, और खासकर आईसीसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। ब्लैक कैप्स पिछले तीन सालों में दो फाइनल और एक सेमीफाइनल खेलने के अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप भी जीत चुके हैं। बोल्ट ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को याद करते हुए कहा,हमारे लिये टेस्ट खेलने वाले राष्ट्र के रूप में उस मकाम तक पहुंचना, वह भी तब जब इतने सारे लोग एक साल में केवल आठ टेस्ट खेल रहे हों। दो साल की कोशिशों के बाद फाइनल में पहुंचना और भारत को हराना, जहां की आबादी 1.4 अरब है। ऐसा फिर कभी नहीं होगा। मेरे अनुसार यह किसी भी न्यूजीलैंड के खिलाड़ी के लिये सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### भारत के पास हॉकी में 48, तो क्रिकेट में 12 साल बाद विश्व चैंपियन बनने का रहेगा मौका

**नई दिल्ली।** नया साल भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियों और अवसरों से भरा रहेगा। भारत इस साल हॉकी, क्रिकेट और शूटिंग विश्व कप के साथ विश्व महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। साल के पहले महीने की शुरुआत हॉकी विश्व कप से होगी, तो वर्ष के अंतिम महीनों में भारत में क्रिकेट का खुमार चढ़ा रहेगा। 12 अक्तूबर से 26 नवंबर तक डेढ़ महीने क्रिकेट का बोलबाला रहेगा। हॉकी खिलाड़ी 48 और क्रिकेटर 12 वर्ष बाद देश को फिर से विश्व चैंपियन बनाना चाहेंगे। इसके अलावा एशियन गेम्स सहित अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय खिलाड़ी 2024 ओलंपिक के लिए कोटा भी हासिल करना चाहेंगे। टोक्यो ओलंपिक में चार दशक बाद पदक जीतकर हॉकी खिलाड़ियों ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भारतीय हॉकी की कला फिर से लौट आई है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने रजत पदक जीता था। इस बार भारत की मेजबानी में 13 से 29 जनवरी तक ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में हॉकी विश्व कप होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# टाइगर श्रॉफस्टारर स्क्रू ढीला से कटा रश्मिका मंदाना का पत्ता

## बीतों दिनों खबरें आई थी कि इस प्रोजेक्ट पर ताला लग गया






बॉलीवुड में एक्शन हीरो की इमेज रखने वाले टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी फिल्म स्क्रू ढीला को लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा में बने हुए हैं। बीतों दिनों खबरें आई थी कि इस प्रोजेक्ट पर ताला लग गया है। मगर इस खबर पर मेकर्स की तरफसे कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई थी। मगर एक बार टाइगर स्टारर स्क्रू ढीला को लेकर नया अपडेट सामने आया है जिसकी वजह से फिल्म फिर से सुर्खियों में बनी हुई है।
टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म स्क्रू ढीला में पहले साउथ अदाकारा रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाली थीं। मगर अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना को इस फिल्म से हटा दिया गया है और उनकी जगह फेमस स्टारकिड को टाइगर के अपोजिट कास्ट करने की बात सामने आ रही है। ये फेमस स्टारकिड कोई और नहीं बल्कि एक्टर संजय कपूर की लाडली शनाया कपूर है। खबरें है कि रश्मिका मंदाना को शनाया कपूर ने स्क्रू ढीला से रिप्लेस कर दिया है। हालांकि अभी पेपरवर्क बाकि है और अगर सब कुछ ठीक रहता है तो इस फिल्म में टाइगर और शनाया की फ्रेश जोड़ी दर्शकों को देखने को मिलने वाली हैं। शनाया ने अभी तक अपना बॉलीवुड डेब्यू नहीं किया है। मगर सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग किसी स्टार से कम नहीं है।
बता दें कि स्क्रू ढीला का निर्देशन शंशाक खेतान कर रहे हैं और शनाया पहले शंशाक के डायरेक्शन में बन रही फिल्म बेधड़क से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली थी। मगर कहा जा रहा है कि उस फिल्म की शूटिंग को फिलहाल बीच में रोक दिया गया है। बेधड़क की शूटिंग रुकने के बाद ही धर्मा प्रोडक्शन के ही तले बन रही स्क्रू ढीला में शनाया को कास्ट किया गया है। हालांकि अभी तक रश्मिका के फिल्म से आउट होने और शनाया को साइन करने को लेकर मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। स्क्रू ढीला की बात करें तो यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ एक बार फिर जबरदस्त एक्शन सीन करते नजर आएंगे। हालांकि. यह तय नहीं है कि फिल्म की शूटिंग कब से शुरू होगी। टाइगर श्रॉफ की फिल्म स्क्रू ढीला को लेकर पिछले दिनों खबर आई थी कि इस प्रोजेक्ट पर ताला लग गया है। हालांकि इस पर मेकर्स का कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। अब टाइगर की यह फिल्म एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्म में पहले रश्मिका मंदाना बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आने वाली थीं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अब इस प्रोजेक्ट से उनका पत्ता कट चुका है। हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि फिल्म में रश्मिका को शनाया कपूर ने रिप्लेस कर दिया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में शनाया नजर आएंगी, लेकिन अभी पेपरवर्क बाकी है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो टाइगर के साथ शनाया की जोड़ी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएगी। इस रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से यह भी बताया गया है कि पहले शनाया शशांक खेतान के निर्देशन में बन रही फिल्म बेधड़क से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही थीं, लेकिन कुछ वजहों से फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी। इसके बाद शनाया को इस फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया। हालांकि दोनों ही फिल्मों पर अभी तक मेकर्स का आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान करने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म %गोविंदा नाम मेरा% ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम पहले मिस्टर लेले रखा गया था, लेकिन बाद में फिल्म के नाम साथ इसके लीड एक्टर को भी बदल दिया गया। फिल्म में पहले वरुण धवन को कास्ट किया गया था।

## लोटा किधर है? कपिल शर्मा को दोस्तों संग इस हालत में देख यूजर्स ने लिए जमकर मजे

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। अपने मजेदार अंदाज के लिए मशहूर कपिल की फैन फॉलोइंग का कोई हिसाब नहीं है। देश-विदेश में कॉमेडियन के लाखों चाहने वाले मौजूद हैं। उनकी हर वीडियो और फोटो पर लाखों लोग रिएक्ट करते है और चंद मिनटों में ही कॉमेडियन की पोस्ट इंटरनेट पर वायरल हो जाती है।
इस बार भी ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है। दरअसल, कपिल शर्मा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर पंजाब से एक फोटो पोस्ट की है जिसमें उनके साथ उनके दोस्त कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और सिंगर जसबीर जस्सी नजर आ रहे हैं। फोटो में ये तीनों ही दरवाजे के बाहर फर्श पर सिर नीचे झुका कर बैठे हुए दिख रहे हैं।
अपनी इस फोटो को शेयर करते हुए कपिल ने मजेदार कैप्शन भी दिया है उन्होंने लिखा, जब अंदर बैठने का दिल न हो और बाहर बहुत ज्यादा सर्दी और कोहरा हो।ष् इस तस्वीर के सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स कॉमेडियन की जमकर चुटकी ले रहे हैं। कॉमेडियन पोस्ट पर नेटिजन्स एक के बाद एक फनी कॉमेंट कर उनकी खूब टांग खिचाई कर रहे हैं।
कपिल की इस पोस्ट पर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और सिंगर जसबीर जस्सी ने भी रिएक्ट किया है। इनके अलावा इस मजेदार फोटो पर कपिल की बाकि सेलेब्स फ्रेंड्स भी अपने रिएक्शन दे रहे हैं। पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, ÷जब तीनों ने एक ही लड़की से प्यार किया हो और वो चौथे से शादी करके चली जाए।÷
दूसरे यूजर ने कहा, ÷सर बस लोटा और लेलो फिर चलते हैं स्वच्छ भारत सुंदर भारत बनाने।÷ तीसरे यूजर ने लिखा, ÷पत्तल डालो भाई... कन्या भोग वाले लंगूर आ गए।÷ एक अन्य यूजर ने लिखा, जब आप बीवी की तारीफ करना भूल जाते हो।

# अरविंद अकेला कल्लू का गाना झाल रिलीज

## गाना म्यूजिक कंपनी सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू का गाना झाल रिलीज हो गया है। अरविंद अकेला कल्लू और श्वेता म्हारा स्टारर भोजपुरी गाना झाल रिलीज हो गया है। यह गाना म्यूजिक कंपनी सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। इस गाने को 24 घंटे से भी कम समय में 2 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और यह टॉप 20 में ट्रेंड भी करने लगा है। गाना पार्टी जोनर का है।इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ रिकॉर्ड किया है।
सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने कहा कि साल कोई भी हो हम अपने चैनल से रिलीज होने वाले गानों की गुणवत्ता और क्लास में कोई कटौती नहीं करने वाले। भोजपुरी के दर्शकों का जो विश्वास हम पर बना है। हम उसी के तहत आगे भी एक से बढ़कर एक धमाकेदार गाने लेकर आते रहेंगे। हमारी सोच भोजपुरी को उन्नति के शिखर पर ले जाने की है, जिस दिशा में हम काम भी कर रहे हैं। तभी हम बड़े से बड़े कलाकारों के साथ साथ सभी प्रतिभाशाली कलाकारों को भी अपने चैनल से प्रतिभा को दुनिया के सामने रखने का मौका दे रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा। झाल साल का पहला हिट गाना बनने जा रहा है इसके लिए भोजपुरी की आवाम को प्रणाम।

## केकेजी/केकेयू में अब तक का सबसे खतरनाक सीन करेंगे शाहरुख खान रिलीज के बाद लेंगे स्पेशल ट्रेनिंग

शाहरुख खान के फैंस के लिए साल 2023 काफी शानदार रहने वाला है क्योंकि इस साल पूरे 4 सालों के बाद बैक टू बैक उनकी फिल्में रिलीज होने वाली है। 25 जनवरी को शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'पठान' सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसके साथ ही वो राजकुमार हिरानी की फिल्म 'डंकी' में भी नजर आने वाले है। इस फिल्म को लेकर शाहरुख खान साल 2023 का सबसे बड़ा टास्क करने जा रहे है। शाहरुख खान फिलहाल अपनी फिल्म 'पठान' के प्रमोशन में बिजी चले रहे है। इस फिल्म को रिलीज के पहले ही काफी विरोध का सामना कर पड़ा गया लेकिन इसके बावजूद हर किसी की नजरें फिल्म की रिलीज पर टिकी हुई है। खबरों की मानें तो इस फिल्म की रिलीज के बाद शाहरूख खान अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए अपना अब तक का सबसे टफसीन शूट करने वाले है। शाहरुख खान पहली बार फिल्म 'डंकी' में मशहूर फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी के साथ काम करने जा रहे है।

# कौन है सारा अली खान के साथ ये मिस्ट्री मैन? कार्तिक आर्यन और शुभमन गिल में कंफ्यूज हुए फैंस



**सारा अली** खान का नाम इन दिनों लाइमलाइट में बना हुआ हैं। एक्ट्रेस भले ही इस वक्त इंडिया से बाहर लंदन में छुट्टियां मना रही हैं लेकिन यहां भी उनके चर्चे कुछ कम नहीं हो रहे। हर रोज अपने वेकेशन से सारा कुछ खास तस्वीरें अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं और इन्ही फोटोज के साथ हर रोज एक नया सस्पेंस फैंस के बीच क्रिएट हो रहा है। कभी लोगों को लगता है कि उनके और कार्तिक आर्यन के बीच सब ठीक हो गया है और दोनों साथ में न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। तो कभी फैंस को सारा की तस्वीरों में उनके साथ मिस्ट्री मैन नजर आ जाता है। अब हाल ही में एक बार फिर सारा अपनी तस्वीरों के चक्कर में ही सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, हाल ही में सारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ फोटोज पोस्ट की हैं, लेकिन एक फोटो ने सभी का ध्यान खींच लिया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम से जो तस्वीर शेयर की हैं, उसमे उनके साथ एक लड़का नजर आ रहा है जो कि जैकेट पहने और हुड लगाए हुए है। इस लड़के की शक्ल नजर नहीं आ रही, जिसके संग सारा चिल करते हुए पोज दे रही हैं। ऐसे में सारा अली खान को इस मिस्ट्री मैन के साथ देखकर फैंस भी कन्फ्यूज हो गए हैं कि आखिर ये शख्स है कौन। आपको बता दें, वैसे तो सारा इन फोटोज में काफी स्मार्ट लुक में नजर आ रही हैं लेकिन फिर भी उनके फैंस की नजरे इस लड़के पर ही अटकी हुई हैं। तो अब सभी लोग एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट कर उनसे इस लड़के का नाम पूछ रहे हैं और साथ ही उसकी शक्ल दिखाने की भी डिमांड कर रहे हैं। वहीं, कमेंट्स सेक्शन में जाए तो कुछ लोग लिखते हैं, कौन है ये मिस्ट्री गाय??? आखिरी तस्वीर में। तो किसी ने खुद ही जवाब देते हुए लिखा, ये कार्तिक आर्यन है सबको फेस दिखाओ। वहीं एक शख्स सारा से पूछते हैं।

# सर्दियों में भूलकर भी फ्रिज में न रखें ये सब्जियां, फायदे की जगह सेहत को पहुंचाएगी नुकसान



**खाने-पीने** की चीजों को फ्रेश रखने के लिए लोग फ्रिज में स्टोर किया जाता है, लेकिन सर्दियों में कुछ फूड्स को फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए। इससे उनकी तासीर बदल सकती है। तासीर बदलने से यह फूड बॉडी में जहर की तरह असर करते हैं। इसके अलावा यह हैल्थ के लिए भी नुकसानदायक हो सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि सर्दियों में किन-किन सब्जियों को फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए....

**टमाटर**

एक्सपट्र्स के अनुसार टमाटर को फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए। यदि आप इसे रखना चाहते हैं तो कमरे के तापमान में स्टोर कर सकते हैं। फ्रिज में रखने से टमाटर के स्वाद, बनावट और सुगंध में बदलाव होने लगता है। टमाटर पकने के बाद एथिलीन गैस छोड़ती है जो सब्जियों को तेजी से पकाती हैं।

**एवोकाडो**

एवोकाडो को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। इसमें फैटी एसिड काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। इसलिए एवोकाडो को फ्रिज में रखने से उसकी बाहरी परत सख्त होने लगती है और अंदरुनी भाग खराब होने लगता है। कच्चे एवोकाडो को फ्रिज में रखने से वह कच्चे ही रहेंगे और खराब हो जाएंगे जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

**खीरा**

एक शोध के अनुसार, यदि खीरे को 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे कुछ दिनों के लिए रखा जाए तो यह तेजी से सड़ने लगता है। खीरे को आप फ्रिज में न रखें बल्कि इसे आप नॉर्मल तापमान पर रखें। ज्यादा समय तक फ्रिज में रखने से खीरा आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

**आलू**

आलू को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए इसमें मौजूद स्टार्च शुगर में बदल जाता है जो शुगर मरीजों की ब्लड शुगर बढ़ा सकता है। एक्सपट्र्स के अनुसार, आलू को फ्रिज में रखने की बजाय आप नॉर्मल तापमान पर रख सकते हैं।

**लहसुन**

लहसुन भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। आप इसे नॉर्मल टेमप्रेचर में स्टोर करके रख सकते हैं। एक्सपट्र्स के अनुसार, इससे लहुसन की तासीर नहीं बदलती और वह सेहत के लिए भी फायदेमंद रहता है।

# एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर-प्यार सब ठीक कर देता है

## इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपने बारे में कुछ खास बातें बताई



16 साल की उम्र में एक भारतीय मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अमायरा दस्तूर एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। जिन्होंने हिंदी, तमिल, अंतर्राष्ट्रीय और तेलुगु फिल्मों में अभिनय किया है।
और क्लीन एंड क्लियर, एयरटेल, गार्नियर और माइक्रोमैक्स जैसे बड़े ब्रांडों का समर्थन करके अपना नाम बनाया। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपने बारे में कुछ खास बातें बताई वो क्या है आइए जानते है। मुझे फिल्में हमेशा से पसंद रही हैं. बड़े होने के दौरान भी मैंने हमेशा फिल्म निर्माण और अभिनय की प्रशंसा की है. एक फिल्म आपको 2-3 घंटों के लिए एक अलग दुनिया में ले जा सकती है और इस दौरान परदे पर अभिनय करते कुछ अजनबी आपकी गहरी भावनाओं को सामने ला सकते हैं, यह कुछ ऐसा है जिससे मैं हमेशा प्रभावित और प्रेरित रही हूं।
मैं बिना चूके सप्ताह में एक बार हेयर एंड केयर ट्रिपल ब्लेंड ऑइल अपने बालों में लगाती हूं. मैं त्योहार से पहले अपने बालों पर एलोवेरा जेल और होममेड हेयर मास्क जैसे बहुत सारे प्राकृतिक उत्पादों का भी उपयोग करती हूं ताकि इस दौरान की गई सभी स्टाइलिंग मेरे बालों को नुकसान न पहुंचाएं या उन्हें रूखा न बनाएं।
शुक्र है, मेरी त्वचा के मामले में मुझे कभी कोई समस्या नहीं हुई. मुझे बस मीठे व्यंजनों से दूर रहना पड़ता है. हालाँकि, उस तरह का अनुशासन वास्तव में कठिन होता है जब सभी आंटियाँ मुझे खिलाने आती हैं. लेकिन मैं अपनी पूरी कोशिश करती हूं। यह मेरा अपने परिवार के साथ बिताने का समय है और मैं वास्तव में इस समय को संजोती हूं. मेरा शेड्यूल बहुत ही अनियमित है और यह केवल त्योहारों के दौरान ही है कि पूरा भारत काम के लिहाज से बंद हो जाता है.यह समय मुझे वह वक्त मिलता है जो मुझे अपने प्रियजनों के साथ बिताने की जरूरत है. हम आमतौर पर ताश खेलते हैं और बातें करते हैं और निश्चित रूप से कुछ स्वादिष्ट भोजन करते हैं।
मैं वास्तव में कुछ नहीं करती.मैं अपने आप को जो कुछ भी चाहती हूं खाने के लिए देती हूं. मैं पूरी कोशिश करती हूं कि मीठा खाना छोड़ दूं क्योंकि यह मेरी दुखती रग है लेकिन इसके अलावा ऐसा कुछ नहीं है. त्योहारों के बाद मैं बहुत मेहनत करती हूं और एक हफ्ते में मैं अपनी आइडियल बॉडी में वापस आ जाती हूं।मुझे लगता है कि यह एक वादा है जो मैं खुद से करती हूं कि मैं जश्न के दौरान सबसे ज्यादा आनंद लूंगी और काम के बाद अतिरिक्त वजन कम करूंगी । यह बहुत सरल है। हफ्ते में एक बार ऑयलिंग जरूर करनी चाहिए.हमारी दादी-नानी इस बारे में सही थीं और अब मैं अपने सभी दोस्तों को भी ऐसा करने की सलाह देती हूं. मैं हफ्ते में एक बार अपने बालों में तेल लगाती हूं, हर हफ्ते हेयर एंड केयर ट्रिपल ब्लेंड ऑयल का इस्तेमाल जरूर करती हूं और इसे रात भर के लिए लगा रहने देती हूं. यह मेरे बालों को रिपेयर करता है और साथ ही मेरे बालों की इलास्टिसिटी में सुधार करता है और मेरे बालों को टूटने से बचाता है.यहां तक कि मैं अपने बालों को धोने से पहले सिरों पर तेल लगाती हूं ताकि यह सूखें नहीं और नमी बनी रहे. इसने मुझे दोमुंहे बालों को रोकने में मदद की है. मैंने हमेशा सरल और आसान तरीकों में विश्वास किया है। जिस तरह से हम अपने गली के जानवरों के साथ व्यवहार करते हैं, मैं वह बदलना चाहूंगी. मैं वास्तव में विश्वास करती हूं कि अगर हम उनसे डरते नहीं हैं या उन्हें चोट नहीं पहुंचाते हैं और इसके बजाय उनसे प्यार करते हैं और उनकी देखभाल करते हैं, तो हमारा देश एक बेहतर जगह होगी। प्यार सब ठीक कर देता है।